रोहतक
सोमवार 9 फरवरी 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, अष्टमी वर्ष : 30, अंक : 06
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 26.0
न्यून. 5.5

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



07 नेपाल ने इंग्लैंड को दी कड़ी टक्कर, मात्र 4 रन से हारा मुकाबला

CBC 06124/15/0004/2526
AI IMPACT SUMMIT भारत 2026 INDIA
सर्वजन हिताय | सर्वजन सुखाय
WELFARE FOR ALL | HAPPINESS OF ALL
16 से 20 फरवरी 2026 | नई दिल्ली, भारत
मानव एवं सामाजिक भलाई के लिए एआई को आकार देने हेतु एक वैश्विक सम्मेलन
प्रधानमंत्री
नरेन्द्र मोदी
द्वारा शुभारंभ
19 फरवरी, 2026 | 10:00 पूर्वाह्न | भारत मंडपम, नई दिल्ली
इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें



### सीएम का ऐलान-इंस्पेक्टर जगदीश के परिवार के एक सदस्य को मिलेगी नौकरी

# सूरजकुंड झूला हादसे में तीन सदस्यीय एसआईटी गठित, दो आरोपी गिरफ्तार

**डीजीपी अजय सिंघल ने की इंस्पेक्टर के परिवार को एक करोड़ की आर्थिक सहायता देने की घोषणा, अस्पताल में घायलों से मिलने पहुंचे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶फरीदाबाद

सूरजकुंड झूला हादसे में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सरकार ने जांच के लिए तीन सदस्यीय एसआईटी गठित की है। यह टीम वैज्ञानिक और तकनीकी आधार पर गहन जांच कर रही है। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करते हुए मेला परिसर में झूले लगाने वाली कंपनी हिमाचल फन केयर के प्रोपराइटर मोहम्मद शाकिर निवासी गांव टोका नंगला, जिला सिरमौर (हिमाचल प्रदेश) तथा एक अन्य आरोपी नितेश निवासी धर्मपुरी, सदर मेरठ कैंट (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ अन्य संबंधित व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने इस मामले में गैर इरादतन हत्या सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। बता दें कि शनिवार देर शाम सूरजकुंड मेले में झूला टूटने के कारण करीब 12 लोग घायल हो गए थे। इस दौरान घायलों को बचाने का प्रयास करते हुए हरियाणा पुलिस के निरीक्षक जगदीश प्रसाद का निधन हो गया था।



### जगदीश प्रसाद को मिलेगा शहीद का दर्जा

*हादसे में मारे गए इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद के शव का रविवार को पोस्टमॉर्टम किया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। उन्हें शहीद का दर्जा मिलेगा। डीजीपी अजय सिंघल ने बताया कि उनके परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी भी दी जाएगी।*

### 31 मार्च को थी रिटायरमेंट

*जगदीश प्रसाद मूल रूप से यूपी के मथुरा के गांव डेगर के रहने वाले थे। 1889 में हरियाणा पुलिस में सिपाही भर्ती हुए और इसी साल 31 मार्च को उनकी रिटायरमेंट थी। नवंबर 2025 में उनको चांदहट में थाना इंचार्ज बनाया गया था। उनके एक बेटा और 2 बेटी है। जगदीश प्रसाद के परिजनों ने मेला प्रबंधकों पर लापरवाही बरतने के आरोप लगाए हैं।*

### मुख्यमंत्री ने शोक व्यक्त किया

*मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा करते हुए कहा कि शहीद इंस्पेक्टर के परिवार के एक सदस्य को नौकरी, घायलों को एक-एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी और घायलों के अच्छे अस्पताल में इलाज का खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने फरीदाबाद के सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में झूला टूटने से हुए दुखद हादसे पर हरियाणा के गहरा शोक व्यक्त किया है।*

### मंत्री नागर ने जायजा लिया

*खाद्य मंत्री राजेश नागर रविवार को सूरजकुंड मेले में पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का भी जायजा लिया। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें हादसे के बारे में बताया। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि सरकार घायलों के साथ खड़ी है। उन्हें बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। बता दें कि सूरजकुंड मेले में कुछ वर्ष पहले भी इस तरह का हादसा हुआ था और मेले में झूले प्रतिबंध कर दिए थे, लेकिन बीते कुछ वर्षों में मेला प्राधिकरण द्वारा फिर से झूले शुरू कर दिए गए है, जिसके चलते फिर से हादसा हुआ।*

# कांग्रेस सांसद की पत्नी के पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई से संबंध : हिमंता

### गोगोई का मामला गृह मंत्रालय भेजेगी असम सरकार

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम सरकार कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के पाकिस्तान कनेक्शन मामले को केंद्रीय गृह मंत्रालय भेजेगी। असम कैबिनेट ने यह फैसला लिया। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने कहा कि असम सरकार कांग्रेस सांसद गौरव की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न का ओसीआई/ वीजा रद्द करने की मांग भी करेगी क्योंकि उनकी मौजूदगी भारत के लिए नुकसानदायक है। असम सीएम का आरोप है कांग्रेस सांसद गौरव और उनकी पत्नी एलिजाबेथ, पाकिस्तानी एजेंट अली तौकीर शेख के बहुत करीब हैं। एक पाकिस्तानी फर्म ने गौरव की पत्नी को नौकरी दी, फिर उन्हें भारत ट्रांसफर कर दिया। एलिजाबेथ भारत से जुड़ी कई जानकारियां इकट्ठा करती थीं और पाकिस्तानी नागरिक अली शेख को रिपोर्ट देती थीं। अली तौकीर शेख एलिजाबेथ को इस काम के लिए सैलरी देता था।



**हिमंता ने असम में 4,000 एकड़ जमीन कैसे हासिल की : गोगोई**

असम सीएम की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर गौरव गोगोई ने कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा ने मीडिया के सामने मंच पर खुद को शर्मिंदा किया। असम में कोई उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लेता। हिमंता परिवार ने कथित तौर पर पूरे असम में 4,000 एकड़ जमीन कैसे हासिल की।

# कर्नाटक में प्राइवेट ट्रेनी प्लेन खेत में क्रैश



■ दोनों पायलटों ने कूदकर बचाई जान, शुरुआती जांच में इंजन खराबी बनी हादसे की वजह

**विजयवाड़ा।** कर्नाटक के विजयपुरा जिले में रविवार को एक खेत में प्राइवेट ट्रेनी प्लेन क्रैश हो गया। जमीन पर गिरने से पहले ही दोनों पायलट ने इजेक्ट कर लिया। उन्हें हल्की चोटें आई हैं। घटना बालेश्वर क्षेत्र मंगलुरु गांव में हुई। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि यह रेड बर्ड एविएशन का एक प्राइवेट ट्रेनी एयरक्राफ्ट है। जो कलबुर्गी से बेलगावी जा रहा था। शुरुआती जांच में सामने आया है कि प्लेन के इंजन में टेक्निकल खराबी आई थी। विमान के मुख्य पायलट कैप्टन कुणाल मल्होत्रा थे।

# टी-20 वर्ल्ड कप : भारत-पाकिस्तान मैच कराने के लिए कोशिशें तेज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले को लेकर पैदा हुए विवाद के बीच क्रिकेट जगत में हलचल तेज हो गई है। इसी बीच बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम रविवार को लाहौर पहुंचे। पीसीबी के प्रमुख मोहसिन नकवी ने बीसीबी के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम और आईसीसी उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा के साथ मुलाकात की। इस दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच मैच कराने को लेकर चर्चा की गई। पाकिस्तान ने 15 फरवरी को भारत के खिलाफ होने वाले मैच का बायकॉट करने का ऐलान किया था। पीसीबी के करीबी सूत्र ने पुष्टि की कि ख्वाजा को आईसीसी ने विवादास्पद विषय पर मध्यस्थ के रूप में नामित किया है। यह पूरा विवाद आईसीसी द्वारा बांग्लादेश को टी-20 वर्ल्ड कप से हटाकर स्कॉटलैंड को शामिल करने के बाद शुरू हुआ था। बांग्लादेश ने सुरक्षा का हवाला देते हुए भारत में मैच खेलने से इनकार कर दिया था। बाद में पाकिस्तान ने भी भारत के साथ मैच का बायकॉट कर दिया था।

- आईसीसी ने विवाद सुलझाने के लिए वर्चुअल मीटिंग बुलाई
- पीसीबी प्रमुख नकवी ने बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल के साथ बैठक की
- 15 फरवरी को होना है भारत पाक मैच

## खबर संक्षेप

### वैष्णो देवी में तीर्थयात्रियों का बीमा 10 लाख रुपये

**जम्मू।** श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए रविवार को तीर्थयात्रियों के लिए बीमा कवर को 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये प्रति व्यक्ति करने को मंजूरी दे दी। यह निर्णय जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बोर्ड की बैठक में लिया गया। बताया गया कि हट्ट गांव में नया हेलीपैड तैयार हो गया है। *एजेंसी*

◀ खड़ी ट्रेन से टकराया ट्रक, ड्राइवरी करता था संदीप

# अमेरिका के कैलिफोर्निया में कुरुक्षेत्र के युवक की मौत

**कुरुक्षेत्र (हरिभूमि न्यूज)।** कुरुक्षेत्र जिले के गांव कुम्हार माजरा के युवक की अमेरिका में सड़क हादसे में मौत हो गई। 32 वर्षीय संदीप सिंह करीब सात साल पहले अपने परिवार के साथ अमेरिका के कैलिफोर्निया गया था। उसका करीब छह महीने का बेटा है, जो अपनी मां के साथ कैलिफोर्निया में रह रहा है। इधर, बेटे की मौत की खबर से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। संदीप सिंह की अमेरिका के कैलिफोर्निया में ट्रक ड्राइवरी करता था। संदीप सिंह ट्रक लेकर टेक्सास गया हुआ था। यहां उसका ट्रक खड़ी ट्रेन से टकरा गया। बताया जा रहा है कि संदीप सिंह वर्ष 2019 में अमेरिका गया था।



### पत्नी और बेटा भी अमेरिका में

परिवार से मिली जानकारी के अनुसार, संदीप सिंह ट्रक लेकर टेक्सास गया हुआ था। यहां उसका ट्रक खड़ी ट्रेन से टकरा गया। परिवार को छह फरवरी को बेटे की मौत की सूचना मिली। संदीप की बहन और बहनोई भी अमेरिका में रहते हैं। परिवार का कहना है कि संदीप का अंतिम संस्कार अमेरिका में ही किया जाएगा। वहां वह अपनी पत्नी पवनदीप कौर के साथ रह रहा था। करीब दो साल पहले उसकी पत्नी अमेरिका गई थी।

# दिल्ली के पीरागढ़ी में कार में मिले तीन शव, आत्महत्या की आशंका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के पीरागढ़ी फ्लाईओवर पर एक खड़ी कार में तीन लोगों के शव मिलने की घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। कार के अंदर दो पुरुष और एक महिला के शव बरामद हुए हैं। शवों पर किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं मिले हैं और गाड़ी में रखा सभी कीमती सामान भी मौजूद मिला है। मरने वालों में रणधीर (62 वर्ष), इनके नाम ही कार रजिस्टर्ड थी, शिवनरेश (42 वर्ष) और लक्ष्मी (40 वर्ष) शामिल हैं। रणधीर और शिवनरेश रणहौला के निवासी थे, जबकि लक्ष्मी जहांगीरपुरी की रहने वाली थीं। पुलिस ने मौके पर फोरेंसिक टीम के साथ जांच शुरू कर दी है और मामले की गहन छानबीन में जुटी हुई है। अभी तक कोई अन्य संदिग्ध परिस्थिति सामने नहीं आई है।

**मरने वालों में दो पुरुष और एक महिला**

# न्यायाधीशों के 'विवेक' पर ही आधारित होंगे कोर्ट के निर्णय : सीजेआई सूर्यकांत

**भोपाल (हरिभूमि न्यूज)।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि कोर्ट के फैसलों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की कोई भूमिका नहीं होगी, इसकी सिर्फ तकनीकी मदद ली जा सकती है। वे भोपाल में दो दिवसीय चीफ जस्टिस कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेने पहुंचे थे। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य न्यायपालिका को अधिक तेज, प्रभावी और जन-केंद्रित बनाने में तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की भूमिका पर मंथन करना रहा। न्यायाधीशों ने इस बात पर सहमति जताई कि एआई का उपयोग मामलों की पेंडेंसी कम करने और प्रक्रियाओं को तेज करने में सहायक हो सकता है। भोपाल कॉन्फ्रेंस की थीम 'एकीकृत, कुशल और जन-केंद्रित न्यायपालिका' रखी गई थी।


**एआई का सिर्फ तकनीकी मदद में हो सकता है इस्तेमाल**

### आरएसएस की परंपरा पर भागवत का जवाब, बोले-काम से रिटायरमेंट नहीं लूंगा

# मैं 75 साल का, संघ कहेगा तो तुरंत 'पद' छोड़ने के लिए तैयार हूं

एजेंसी ▶▶मुंबई

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने मुंबई में आरएसएस के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में कहा कि संघ ने उन्हें उनकी उम्र के बावजूद काम जारी रखने को कहा है। लेकिन अगर संघ उनसे पद छोड़ने को कहेगा, तो वे तुरंत ऐसा करेंगे। संघ अपने स्वयंसेवकों से आखिरी बूंद तक काम लेता है। संघ के इतिहास में अब तक ऐसी कोई स्थिति नहीं आई, जब किसी को जबरन रिटायर करना पड़ा हो। डॉ. भागवत ने कहा कि आरएसएस चीफ पद के लिए कोई चुनाव नहीं होता। क्षेत्रीय और संभागीय प्रमुख ही नियुक्ति करते हैं। आमतौर पर कहा जाता है कि 75 साल की उम्र के बाद बिना किसी पद के काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं 75 साल का हो गया हूं और आरएसएस को इसका पता है। जब भी आरएसएस पद छोड़ने को कहेगा, मैं पद छोड़ दूंगा लेकिन काम से रिटायरमेंट नहीं लूंगा। डॉ. भागवत ने कहा कि उनके 75 साल पूरे होने पर उन्होंने संघ कार्यकर्ताओं को सेवानिवृत्ति लेने की इच्छा जताई थी, लेकिन कार्यकर्ताओं ने कहा कि आप तो घूम रहे हैं, काम करते रहिए। संघ में उनका रहना या न रहना उनका व्यक्तिगत निर्णय नहीं, बल्कि संघ की इच्छा है।



### और क्या बोले संघ प्रमुख

- संघ ने पहले से तय किया कि संपूर्ण समाज को संगठित करने के अलावा संघ को और कोई दूसरा काम नहीं करना है
- आरएसएस में अंग्रेजी नहीं, लेकिन जहां अंग्रेजी का इस्तेमाल किया जाएगा, हमें इससे कोई परहेज नहीं है
- समान नागरिक संहिता पर सबकी राय ली जा सकती है
- आरएसएस भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कानूनों और विधानों के पक्ष में है और वह भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कार्रवाई का समर्थन करेगा
- बांग्लादेश में अभी भी 1.25 करोड़ हिंदू हैं। यदि वे एकजुट हो जाएं, तो वे वहां की राजनीतिक व्यवस्था का उपयोग अपने हित और अपनी सुरक्षा के लिए कर सकते हैं।

VIT Vellore Institute of Technology
SOME CHOICES CHANGE YOUR FUTURE
THIS CAN BE ONE OF THEM
VITEEE 2026
REGISTER NOW



Placements at a Glance (2025 Batch)
₹1CR Highest Package
1000+ Companies
14K+ Placement Offers
Powered to Build What's Next.
48 B.Tech Programmes
Aerospace | Mechanical | Biotech | Chemical | Quantum Computing | Civil | ECE | EEE | EIE | AI&ML | Computer Science | Cyber Security | Data Science | Gaming Tech | Fashiontech & more
Minors & Specialisations
Sustainable Energy | AI | Defence | Data & Smart Systems | Innovation & Entrepreneurship | Space & Strategic Technologies & more
International Collaborations
Internship Opportunities in over 500 reputed foreign universities.
Apply Online: viteee.vit.ac.in
btechapplication@vit.ac.in
+91-44-4627 7555
VIT VELLORE | CHENNAI
VIT-AP UNIVERSITY
VIT BHOPAL
Scan QR code to apply

## खबर संक्षेप

### 24 को कुरुक्षेत्र में संकिमो की राष्ट्रीय बैठक

**चंडीगढ़।** संयुक्त किसान मोर्चा नेता भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि किसानों के आंदोलन की रणनीति को लेकर 24 फरवरी को संयुक्त किसान मोर्चा की राष्ट्रीय बैठक कुरुक्षेत्र में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बैठक में देशभर के किसान संगठनों के पदाधिकारी शामिल होंगे और आगे के आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के खिलाफ 12 फरवरी की प्रस्तावित हड़ताल को सफल बनाने के लिए जनअभियान चलाया जाएगा।

### बढ़ती अर्थव्यवस्था में व्यापारी वर्ग का योगदान

**चंडीगढ़।** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ ने पंचकूला के पं. दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय मार्केट में आम बजट पर व्यापारियों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, जिला उपाध्यक्ष सुरेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष प्रमोद वत्स, बजट 2026 के जिला संयोजक सीए पंकज गुप्ता, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राकेश गोयल, वरिष्ठ नेता बी बी सिंगल, रोहित सेन, रमेश राणा, भाजयुमो पदाधिकारी बिंदर गुर्जर, सेक्टर 9 मार्किट के प्रधान राज कुमार राणा सहित तमाम व्यापारी और आमजन उपस्थित रहे। संवाद कार्यक्रम में बोलते हुए अजय मित्तल ने कहा, भारत की तेज़ गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था में व्यापारियों का बड़ा योगदान है।

### संत किसी जाति या धर्म के नहीं, पूरे समाज के होते हैं

**चंडीगढ़।** केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि संत किसी एक जाति अथवा धर्म के नहीं होते, बल्कि वे पूरे समाज के होते हैं। संत समाज को प्रेम, सद्भावना और भाईचारे के सूत्र में बांधकर एक साथ आगे बढ़ने का संदेश देते हैं। कृष्णपाल गुर्जर रविवार को पलवल के शमशाबाद स्थित बाबू जगजीवन राम पार्क में बाबू जगजीवन राम दलित उत्थान ट्रस्ट (रजि.) के तत्वावधान में आयोजित संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती समारोह में जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया तथा संत शिरोमणि गुरु रविदास के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करते हुए गुरु रविदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। केंद्रीय राज्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी समारोह में पशुपालकों को बांटे इनाम

# पशुपालकों की आय बढ़ाना व जोखिम घटना ही लक्ष्य: नायब

**सीएम बोले पशुपालन को आधुनिक, लाभकारी और टिकाऊ बनाएंगे**

- *दुग्ध उत्पादन, मूल्य संवर्धन, निर्यात और स्टार्टअप संस्कृति में अपार अवसर*
- *देशी गायों की नस्ल सुधार के लिए उचानी और महेन्द्रगढ़ में पशु विज्ञान केन्द्र स्थापित किए*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ देश तेज गति से आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में पशुपालन क्षेत्र की भूमिका और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। दुग्ध उत्पादन, मूल्य संवर्धन, निर्यात संभावनाएं और स्टार्ट-अप संस्कृति में अपार अवसर हैं। प्रदेश सरकार का लक्ष्य पशुपालन को आधुनिक, लाभकारी और टिकाऊ बनाना है। इसी कड़ी में पशु स्वास्थ्य सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचा रहे हैं, उन्नत नस्ल संवर्धन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। दुग्ध संग्रहण और विपणन की मजबूत व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही प्रशिक्षण और ऋण सुविधाओं का भी विस्तार भी किया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण के लिए महिला किसान डेयरी योजना के तहत महिलाओं को एक लाख रुपये तक का ऋण बिना ब्याज उपलब्ध करवा रहे हैं। इसके तहत अब तक 287 महिला किसान डेयरी खोली जा चुकी है। सरकार का पशुपालकों की आय को बढ़ाना, जोखिम घाटे को कम करना और बाजार तक सीधी पहुंच बनाना प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को 41वीं राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी समारोह के तीसरे दिन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। गो-वंश संरक्षण अधिनियम के तहत गो हत्या करने वाले व्यक्ति को 10 वर्ष तक कारावास व एक लाख रुपये तक जुमार्ने का प्रावधान किया है। देशी गायों की नस्ल सुधार के लिए राज्य में करनाल के उचानी और महेन्द्रगढ़ में हरियाणा पशु विज्ञान केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

**ऊंट पर सरकार...**



### पशुपालकों के साथ बातचीत की

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने रविवार को कुरुक्षेत्र में चल रहे 41वें राज्य स्तरीय पशुधन मेले में ऊंट की सवारी की। सीएम यहां समापन कार्यक्रम में पहुंचे थे, मेले में मुख्यमंत्री ने गाय को भी गुड़ खिलाया। सीएम ने प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए पशुपालकों के साथ बातचीत भी की। सीएम के सामने ऊंट, गाय, भैंस, झोटे, घोड़े और बकरियों ने रैंपवॉक करके दिखाया। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का निरीक्षण कर पशुओं की विभिन्न नस्लों को देखा और पशुपालकों से बातचीत की। मेले में बनाए कैटवॉक पर अच्छी नस्ल के पशुओं का प्रदर्शन देखा।

### 298 पशुपालक विजेताओं को 50 लाख से ज्यादा इनामी राशि बांटी गई

- 8 चैंपियनों के पशुपालकों को मिला 20 लाख का पुरस्कार

**चंडीगढ़।** राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अलग-अलग नस्ल मेल व फीमेल चैम्पियनशिप में 8 पशुपालकों को कुल 20 लाख रुपए की इनाम राशि दी है। इन पशुपालकों को अपने-अपने वर्ग के लिए 2.50 -2.50 लाख का चेक दिया गया है। अहम पहलू यह है कि राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी में कुल 53 वर्गों में 298 विजेताओं को कुल 50 लाख 20 हजार 600 रुपये की राशि वितरित की गई है। पशुपालन विभाग के महानिदेशक डा. प्रेम सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि मुर्रा नस्ल मेल चैम्पियनशिप में पानीपत के गांव बूरसम निवासी नरेंद्र सिंह, मुर्रा नस्ल फीमेल चैम्पियनशिप में हिसार के गांव सिंघवा खास निवासी ईश्वर सिंह की मुर्रा नस्ल की भैंस को चैम्पियन पुरस्कार दिया गया। इन दोनों पशुपालकों को इनाम के रूप में 2.50-2.50 लाख की राशि का चेक दिया गया है। हरियाणा नस्ल मेल चैम्पियनशिप में पानीपत के गांव डिडवानी निवासी नरेंद्र की हरियाणा नस्ल के सांड ने चैम्पियन पुरस्कार हासिल किया है। इस पशुपालक को इनाम के रूप में 2 लाख 50 हजार का चेक दिया गया है। इसी तरह हरियाणा नस्ल फीमेल चैम्पियनशिप में झज्जर के गांव गवालीसन निवासी अनूप की हरियाणा नस्ल गाय चैम्पियन रही, साहीवाल नस्ल मेल चैम्पियनशिप में करनाल के तरावड़ी निवासी अनुज का साहीवाल बैल चैम्पियन रहा। इसी प्रतियोगिता के फीमेल वर्ग में करनाल के दादूपुर रोडान निवासी राजबीर की साहीवाल नस्ल की गाय चैम्पियन रही। उन्होंने कहा कि एक्सोटिक क्रॉस ब्रीड मेल चैम्पियनशिप में गांव सगा निवासी पवन का पशु चैम्पियन रहा। करनाल के गालिबखेडी का अक्षदीप की फीमेल पशु चैम्पियन रही।

### मुराह नस्ल की भैंस राधा बनी प्रदेश की मिल्क ब्यूटी ब्रीड चैंपियन



**नारनौंद।** गांव सिंघवा खास के किसान ईश्वर सिंघवा की भैंस राधा ने मिल्क ब्यूटी ब्रीड चैंपियन बनी है। इससे पहले राधा दूध देने में वर्ल्ड रिकॉर्ड बना चुकी है। कुरुक्षेत्र में राज्य पशुधन प्रदर्शनी में गांव सिंघवा खास के किसान ईश्वर सिंघवा की भैंस राधा ने मिल्क ब्यूटी ब्रीड चैंपियन बनने का रिकॉर्ड बनाया है। इस प्रदर्शनी में प्रदेशभर से करीब 1500 भैंसों ने हिस्सा लिया था। राधा ने पहले नंबर पर रही। तीन लाख एक हजार का नगद इनाम भी जीता। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसान को इनाम और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। भैंस राधा ने अक्टूबर 2025 सबसे ज्यादा दूध देने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। राधा ने 35 किलो 669 ग्राम दूध दिया था।

## एक कार्यक्रम में बोले राव नरबीर सिंह

# शिक्षा के सशक्त आधार से ही बनेगा विकसित भारत

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़



औद्योगिकीकरण और रियल एस्टेट में निवेश ने गुरुग्राम को पहचान दिलाई

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प पथ पर शिक्षा एक अहम कड़ी है। इसी को ध्यान में रखते हुए हरियाणा सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर परिवर्तनकारी प्रयास कर रही है, ताकि मजबूत शैक्षिक आधार के साथ देश की प्रगति और अधिक सुदृढ़ हो सके। कैबिनेट मंत्री रविवार को गुरुग्राम के डीपीजी कॉलेज के वार्षिकोत्सव 'सारंग' में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में पूर्व डिप्टी स्पीकर गोपीचंद गहलोत भी मौजूद रहे। राव नरबीर सिंह ने कहा कि जब हरियाणा का गठन हुआ, तब गुरुग्राम और विशेषकर दक्षिण हरियाणा को विकास की दृष्टि से पिछड़ा माना जाता था। समय के साथ औद्योगिकीकरण और रियल एस्टेट में हुए निवेश ने गुरुग्राम को वैश्विक पहचान दिलाई है। हालांकि, शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर करने की आवश्यकता को समझते हुए भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने 2014 से अब तक कई निर्णायक कदम उठाए हैं। गुरुग्राम विश्वविद्यालय उन्हीं दूरदर्शी प्रयासों का साकार रूप है, जो क्षेत्र में उच्च शिक्षा को नई दिशा प्रदान कर रहा है।

# जनगणना डेटा इकट्ठा करने के लिए अधिसूचना जारी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने भारत की जनगणना 2027 के संबंध में हाउस लिस्टिंग और आवास जनगणना के दौरान डेटा इकट्ठा करने के दायरे और प्रक्रिया को बताते हुए एक विस्तृत अधिसूचना जारी की है। यह अधिसूचना फाइनेंशियल कमिश्नर, रेवेन्यू और आपदा प्रबंधन विभाग और जनगणना 2027 के लिए राज्य नोडल अधिकारी डॉ. सुमिता मिश्रा ने जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 8 की उप-धारा (1) के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए जारी किया है। जनगणना 2027 दो चरणों में की जाएगी, पहला चरण यानी हाउस लिस्टिंग और आवास जनगणना और दूसरा चरण यानी जनसंख्या गणना। जनगणना के पहले चरण के लिए मोबाइल ऐप, जनगणना प्रबंधन और निगरानी पोर्टल और सेल्फ एन्यूमरेशन पोर्टल विकसित किए हैं। नोटिफिकेशन के अनुसार, जनगणना अधिनियम के तहत नियुक्त सभी जनगणना अधिकारियों को अपने-अपने स्थानीय अधिकार क्षेत्र में, हाउस लिस्टिंग चरण के दौरान निर्धारित जनगणना शेड्यूल के माध्यम से सभी व्यक्तियों से विस्तृत जानकारी इकट्ठा करने का अधिकार है। यह हाउस लिस्टिंग और आवास जनगणना, जनगणना 2027 के हिस्से के रूप में की जाने वाली जनसंख्या गणना के लिए आधार का काम करेगी।

## किसानों, व्यापारियों, श्रमिकों को हो सकती दिक्कत

# भारत-यूएस व्यापार समझौते पर सैलजा ने चिंता जताई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने अमेरिका के साथ घोषित व्यापार समझौते के संयुक्त वक्तव्य पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस समझौते के कुछ प्रावधान भारतीय किसानों, व्यापारियों, श्रमिकों और घरेलू उद्योगों को असमान प्रतिस्पर्धा की स्थिति में खड़ा कर सकते हैं। रविवार को मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि यदि अमेरिकी कृषि, खाद्य और औद्योगिक उत्पादों के लिए भारतीय बाज़ार को व्यापक रूप से खोला जाता है, जबकि भारतीय निर्यात पर उच्च टैरिफ (शुल्क) और अन्य गैर-शुल्क बाधाएं बनी रहती हैं, तो इसका सीधा प्रभाव देश की कृषि अर्थव्यवस्था, कुटीर उद्योगों और रोजगार पर पड़ सकता है। इससे दिक्कत बढ़ सकती है।

## पीड़ितों को मुआवजा दे सरकार: दुष्यंत चौटाला

# सूरजकुंड मेले में हादसे की हो उच्च स्तरीय जांच

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने फरीदाबाद में चल रहे 39वे सूरजकुंड शिल्प मेले में शनिवार को हुए हादसे की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि विश्व स्तर पर ख्याति प्राप्त सूरजकुंड मेले में ऐसा हादसे होने से इस मेले और हरियाणा की प्रतिष्ठा को ना सिर्फ देश में, बल्कि विश्व स्तर पर नुकसान पहुंचा है। उन्होंने हादसे के कारणों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस हादसे से हरियाणा की छवि को हुए नुकसान के लिए हरियाणा का पर्यटन विभाग जिम्मेदार है। मेले में 50 देशों के 700 से ज्यादा शिल्पकार हिस्सा ले रहे हैं और देश-विदेश से पर्यटक आ रहे हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सूरजकुंड का अंतर्राष्ट्रीय मेला हाथ से सामान बनाने वाले देश-दुनिया के उम्दा कलाकारों को एक शानदार प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवाता है।

## सूरजकुंड हादसे पर आप नेता अनुराग ढांडा का सरकार पर हमला

# हादसा भगवान की मर्जी नहीं सरकार की लापरवाही का नतीजा

- *सरकार की नाकामी छुपाने के लिए बेतुके बयान दे रहे हैं मंत्री*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने रविवार को बयान में कहा कि फरीदाबाद के सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय मेले में हुआ हादसा अत्यंत दुखद और झकझोर देने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि जिस आयोजन को सरकार और मुख्यमंत्री सैनी विश्वस्तरीय बताकर पीठ थपथपा रहे थे, उसी मेले में सुरक्षा और प्रशासनिक लापरवाही ने एक पुलिसकर्मी की जान ले ली और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा कोई संयोग नहीं, बल्कि सरकार की घोर लापरवाही का नतीजा है। ढांडा ने कहा कि सबसे शर्मनाक बात यह है कि हरियाणा सरकार के एक मंत्री इस हादसे को सरकार की गलती नहीं बल्कि भगवान की मर्जी बताकर अपनी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश कर रहे हैं। सवाल यह है कि अगर सब कुछ भगवान की मर्जी से होता है, तो सरकार, प्रशासन, सुरक्षा इंतज़ाम और निरीक्षण की पूरी व्यवस्था क्यों बनाई जाती है? इस तरह के बयान पीड़ितों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसे हैं और जनता की पीड़ा का मज़ाक उड़ाने के समान हैं।

# एशिया लैक्रोस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेताओं का भव्य सम्मान

**चंडीगढ़।** सऊदी अरब के रियाद में 1 से 6 फरवरी तक आयोजित एशिया लैक्रोस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने वाले गांव गढ़वाली निवासी आशीष गोयत और जींद की खुशबू मलिक के सम्मान में गांव गढ़वाली में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने शिरकत की और दोनों विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि आशीष गोयत और खुशबू मलिक जैसे खिलाड़ी आज के युवाओं के लिए प्रेरणा हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व कर स्वर्ण पदक जीतना बड़ी उपलब्धि है। ऐसे खिलाड़ियों को समाज और सरकार, दोनों का निरंतर सहयोग मिलना चाहिए।




# प्राकृतिक खेती करें किसान: आचार्य देवव्रत

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़



रासायनिक खेती छोड़ने का किया आह्वान

प्राकृतिक खेती की अवधारणा को प्रदेश के किसानों और खेत खलिहानों तक पहुंचाने के लिए आज सोनीपत के खरखौदा स्थित भरत वाटिका में 'प्राकृतिक खेती समृद्ध किसान सम्मेलन' का आयोजन किया गया। प्राकृतिक खेती पर आधारित इस किसान सम्मेलन में गुजरात एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि प्राकृतिक खेती पूरी तरह प्रकृति के नियमों पर आधारित, कम खर्चीली और दीर्घकालिक रूप से लाभकारी है। इसका मूल आधार देसी गाय है। उन्होंने वैज्ञानिक तथ्यों के साथ बताया कि देसी गाय के गोबर और गोमूत्र में करोड़ों की संख्या में लाभकारी सूक्ष्म जीवाणु होते हैं, जो मिट्टी को पुनः जीवंत कर देते हैं। राज्यपाल ने प्राकृतिक खेती में सबसे उपयोगी जीवामृत की विधि समझाते हुए बताया कि देसी गाय के गोबर, गोमूत्र, गुड़, दाल के बेसन और खेत की मिट्टी से तैयार जीवामृत खेत में डालने से सूक्ष्म जीवाणुओं की संख्या तेजी से बढ़ती है।

### मोदी सरकार का बजट रिफार्म एक्सप्रेस है और अवसरों का हाईवे : नलिन

**फ़रीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता नलिन कोहली ने भाजपा ज़िला कार्यालय अटल कमल में आयोजित प्रेसवार्ता में मोदी सरकार के 2026-27 के बजट को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में दूरदर्शी, निर्णायक और ऐतिहासिक बजट बताया। यह बजट वैभवशाली, गौरवशाली और शक्तिशाली भारत के निर्माण की दिशा में सशक्त कदम है जो किसानों, गरीबों, मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं की आकांक्षाओं को केंद्र में रखता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, नवाचार, स्टार्टअप, निवेश, कृषि और ग्राम अर्थव्यवस्था जैसे सभी प्रमुख क्षेत्रों को समग्र रूप से सशक्त कर यह बजट स्पष्ट करता है कि सरकार की नीतियां भारत के लोगों के जन-कल्याण को सर्वोपरि मानती हैं।

## लंबित दावों और प्रतिदावों का सौहार्दपूर्ण समाधान खोजने की कवायद

# अडानी पावर की चुनौतियों का आकलन करने के लिए पूर्व सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश की अध्यक्षता में कमेटी बनी

- पूर्व केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण अध्यक्ष एसडी दुबे और पूर्व आईएएस अधिकारी टीसी गुप्ता इसके सदस्य होंगे, जबकि न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी अध्यक्ष होंगे

योगेंद्र शर्मा ▸▸ चंडीगढ़

सूबे की नायब सैनी सरकार ने अडानी पावर लिमिटेड (एपीएल) और राज्य की बिजली वितरण कंपनियों द्वारा किए लंबित दावों और प्रतिदावों का सौहार्दपूर्ण समाधान खोजने की कवायद शुरु कर दी है। पूर्व सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति गठित करने का निर्णय गत दिनों लिया गया है। यह समिति अडानी पावर लिमिटेड के पावर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) और सप्लीमेंट्री पावर परचेज एग्रीमेंट से संबंधित मुद्दों की जांच कर समाधान करेगी।पूर्व केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) अध्यक्ष एसडी. दुबे और पूर्व आईएएस अधिकारी टीसी गुप्ता इसके सदस्य होंगे। जबकि न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी अध्यक्ष होंगे।

### वित्तीय कठिनाइयों को कम करने के तौर तरीकों की जांच करेगी

ऊर्जा विभाग की ओर से 30 जनवरी 2026 को जारी अधिसूचना के अनुसार अडानी पावर लिमिटेड (एपीएस) की वित्तीय कठिनाइयों और चुनौतियों को कम करने की दिशा में प्रयास माना जा रहा है। अडानी पावर लिमिटेड के सामने चुनौतियों और हालात को लेकर विश्लेषण और आकलन करने की कवायद में इसका गठन किया गया है। उच्चस्तरीय समिति के कार्यक्षेत्र लेकर बताया गया है कि ये समिति पीपीए के तहत निर्धारित ऊर्जा शुल्क दर की तुलना में हरियाणा सीमा तक बिजली आपूर्ति में एपीएल द्वारा वहन की वास्तविक लागत को ध्यान में रखते हुए एपीएल की कठिनाइयों को कम करने के तौर तरीकों और उपायों की जांच पड़ताल करेगी। समिति की अध्यक्षता पूर्व सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी करेंगे।

### 2008 में बिजली वितरण कंपनियों ने किए थे पीपीए

हरियाणा की दोनों बिजली वितरण कंपनियों ने अगस्त 2008 में एपीएल के साथ 25 वर्षों के लिए 2.94 रुपये प्रति यूनिट की लेवलाइज्ड टैरिफ पर 712-712 मेगावाट बिजली खरीदने हेतु पीपीए किए हुए थे। जिसके तहत गुजरात के मुंद्रा स्थित एपीएल की यूनिट 7, 8 और 9 से कुल 1424 मेगावाट बिजली खरीद का प्रावधान था। केंद्रीय सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार हरियाणा बिजली उपयोगिताओं द्वारा शुरू की टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के तहत किए थे। एपीएल ने सितंबर 2021 में आयातित कोयले की कीमत बढ़ने और लागत बढ़ने के कारण होने वाली हानि का हवाला देते हुए बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई थी कंपनी ने पीपीए और संबंधित मुद्दों के पुनःसमझौते की मांग की थी खास तौर पर आयातित कोयले की लागत का पूर्ण वहन किए जाने की मांग की।

### संयंत्र से जुड़े दस्तावेजों की जांच करेगी समिति

अधिसूचना के अनुसार, पीपीए और एसपीपीए की जांच के लिए गठित उच्चस्तरीय समिति एपीएल के मुंद्रा तापीय विद्युत संयंत्र की यूनिट 7, 8 और 9 से संबंधित सभी दस्तावेजों की जांच और विश्लेषण करेगी। आवश्यकतानुसार एचपीपीसी और एपीएल को विवरण या स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए बुलाएगी। यह पीपीए के तहत भुगतान सुरक्षा तंत्र के संबंध में एपीएल और हरियाणा की बिजली कंपनियों के अधिकारों और दायित्वों की भी समीक्षा करेगी, मौजूदा टैरिफ संरचना के साथ पीपीए की व्यवहार्यता का परीक्षण कर दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने के उपाय सुझाएगी। अधिसूचना में कहा गया है कि "उच्चस्तरीय समिति विस्तृत जांच करने के बाद में सिफारिशें 180 दिनों की अवधि के भीतर भीतर अंतिम रूप देगी।"

## हादसे के बाद भी गुलजार रहा सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला

# रविवार वीकेंड पर 3.20 लाख पर्यटक पहुंचे

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

दुनिया के सबसे बड़े शिल्प मेले 39वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प महोत्सव ने इस वर्ष भी लोकप्रियता के नए कीर्तिमान स्थापित करने शुरू कर दिए हैं। रविवार को मेले में रिकॉर्डतोड़ भीड़ उमड़ी। अब तक 9 दिनों में 7 लाख 28 हजार पर्यटक मेले का दीदार कर चुके हैं। दूसरे वीकेंड पर 3.20 लाख से अधिक पर्यटकों की भागीदारी से शिल्पियों, कारीगरों, बुनकरों और दुकानदारों के चेहरे खिल उठे हैं। विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को ही 2 लाख 20 हजार पर्यटक सूरजकुंड मेले में पहुंचे। मुख्य चौपाल, मिनी चौपाल, नाट्यशाला और विभिन्न पैवेलियन में विभिन्न गतिविधियों की शुरुआत से पहले गत दिवस हुए हादसे के मद्देनजर मेला प्रशासन एवं जिला प्रशासन द्वारा बलिदान हुए इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। उन्होंने बताया कि 38वें संस्करण में कुल 15 लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे थे, जबकि इस बार केवल 9 दिनों में ही 7.28 लाख पर्यटक मेले का हिस्सा बन चुके हैं। आगामी वैलेंटाइन सप्ताह के चलते पर्यटकों की संख्या में और अधिक इजाफा होने की संभावना है, जिससे मेला पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ सकता है। डॉ. शर्मा ने कहा कि पीएम के राष्ट्रीय एकता, कला और संस्कृति को सशक्त करने के संकल्प को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में यह महोत्सव साकार कर रहा है। इस बार स्वदेशी अभियान और आत्मनिर्भर भारत के उद्देश्य से स्थानीय बाजार को वैश्विक स्तर पर अवसर उपलब्ध करवाने के लिए सुनियोजित तरीके से कदम उठाए जा रहे हैं।



**कब कितने पर्यटक पहुंचे**

| | |
|---|---|
| 31 जनवरी | 30 हजार |
| 1 फरवरी | 45 हजार |
| 2 फरवरी | 30 हजार |
| 3 फरवरी | 60 हजार |
| 4 फरवरी | 45 हजार |
| 5 फरवरी | 48 हजार |
| 6 फरवरी | 1.50 लाख |
| 7 फरवरी | 1 लाख |
| 8 फरवरी | 3.20 लाख |

## खबर संक्षेप

### करोड़ों के घोटाले में एचसीएस दोषमुक्त, 5 पर आरोप तय

**अंबाला।** क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) में ओवरलोडेड वाहनों को सुरक्षित रास्ता दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपये की कथित अवैध वसूली के मामले में अंबाला की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अंशु शुक्ला की अदालत ने पर्याप्त साक्ष्यों के अभाव में एचसीएस अधिकारी अमरिंदर सिंह को आरोपों से दोषमुक्त कर दिया है। हालांकि, अदालत ने मामले में शामिल अन्य पांच आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप तय कर दिए हैं। इस मामले में अगली सुनवाई नौ मार्च को होगी।

### जींद में गंदे नाले में मिला कन्या भ्रूण

**जींद।** गांव जुलेहड़ा के गंदे नाले में कन्या भ्रूण मिलने से हड़कंप मच गया। भ्रूण के अंग विकसित हो चुके थे और लगभग छह से सात माह का दिखाई दे रहा था। गांव जुलेहड़ा में सफाई कर्मचारी गंदे नाले की सफाई कर रहे थे। उसी दौरान उन्हें गंदे नाले में मानव भ्रूण पड़ा दिखाई दिया। जांच में पता चला कि भ्रूण एक या दो दिन पुराना था। भ्रूण मिलने की सूचना पाकर गांव के सरपंच तथा पुलिस मौके पर पहुंच गई और भ्रूण को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल नरवाना पहुंचाया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने गांव के सरपंच प्रतिनिधि अमरीक सिंह की शिकायत पर अज्ञात महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अग्रोहा टीले पर दूसरे चरण का उत्खनन शुरू

**हिसार।** जिले के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण अग्रोहा टीले पर एक बार फिर पुरातात्विक उत्खनन शुरू किया गया। यह उत्खनन का दूसरा चरण है। इसके साथ ही प्रशिक्षण शिविर भी होगा। उत्खनन एवं प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पुरातत्व संस्थान, ग्रेटर नोएडा के निदेशक डॉ. भुवन विक्रम तथा चंडीगढ़ मंडल की अधीक्षण पुरातत्वविद् कामेई अथोइलु कबुई द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। डिप्टी सुपरिंटेंडेंट ऑर्कियोलॉजिस्ट डॉ. अर्खित प्रधान ने बताया कि अग्रोहा टीले का उत्खनन कार्य केवल ऐतिहासिक अवशेषों की खोज तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भावी पुरातत्वविदों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण एवं शिक्षण केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है।

### पलवल में मुख्यमंत्री खेल कप कल से

**पलवल।** पलवल में राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री खेल कप प्रतियोगिता का आयोजन 9 फरवरी से शुरू हो रहा है। यह प्रतियोगिता 11 फरवरी तक नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इसमें कबड्डी और खो-खो खेलों के सीनियर वर्ग के लड़के और लड़कियों के मुकाबले होंगे। उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि इन राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रदेश भर से कुल 1096 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनमें 598 लड़के और 498 लड़कियां शामिल हैं। खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, दूधौला में की गई है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रोहतक में भव्य हिंदू सम्मेलन

# राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान व राष्ट्रहित का सम्मान करने वाला ही सच्चा हिंदू : मेजर सत्यपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को सेक्टर-1 स्थित सामुदायिक केंद्र में स्वामी दयानन्द आयोजन समिति की ओर से भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें हजारों की संख्या में स्वयंसेवक, सामाजिक कार्यकर्ता और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। कलश व तिरंगा यात्रा के साथ आरंभ हुए इस सम्मेलन में भजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया और देशभक्ति के रंग से सराबोर कर दिया। आयोजन समिति के संरक्षक मेजर सत्यपाल सिंधु ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को रेखांकित करते हुए मंच से कहा कि भारत केवल एक भौगोलिक देश नहीं, बल्कि एक जीवन दर्शन है, जिसे समझने के लिए आज पूरी दुनिया यहां आती है।

### कलश और तिरंगा यात्रा के साथ शुरू हुआ सम्मेलन, वक्ताओं ने देशप्रेम, नशामुक्ति व पारिवारिक मूल्यों पर दिया संदेश



**रोहतक।** हिंदू सम्मेलन में मां भारती के चित्र के समक्ष उपस्थित समिति के पदाधिकारी।

### भारत ने मानवता का संदेश दिया



मेजर सत्यपाल सिंधु ने कहा कि हिमालय से लेकर हिंद महासागर तक फैली यह पावन भूमि केवल वर्तमान भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि इतिहास में ईरान और श्रीलंका तक हिंदू शासन और संस्कृति का प्रभाव रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति ने सदैव मानवता, सहिष्णुता और कर्तव्यबोध का मार्ग दिखाया है। यही कारण है कि विदेशी आक्रांताओं के दौर में भी यह संस्कृति जीवित रही। उन्होंने हिंदू की पहचान को स्पष्ट करते हुए कहा कि जो व्यक्ति राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान और राष्ट्रहित के लिए आगे बढ़ता है, उनका सम्मान करता है और उनके लिए बलिदान को तत्पर रहता है, वही सच्चे अर्थों में हिंदू है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्र को केवल अधिकारों की दृष्टि से न देखें, बल्कि कर्तव्यों को जीवन का मूल मंत्र बनाएं।



**रोहतक।** हिंदू सम्मेलन में मौजूद पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु व अन्य।

### राष्ट्र निर्माण का लिया संकल्प

सम्मेलन में हरियाणा के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने भी समाज को एकजुटता का संदेश दिया। वहीं, समिति के संरक्षक डॉ. मारकंडे आहूजा, समाजसेवी राजेश जैन और संयोजक डॉ. आदित्य बत्रा ने संगठन, संस्कार, सामाजिक स्वास्थ्य, नशा मुक्ति और पारिवारिक मूल्यों पर विचार साझा किए। संत समाज की ओर से महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. परमानंद महाराज और स्वामी अभूतानंद महाराज ने भी धर्म, नैतिकता और सामाजिक एकता पर अपने प्रेरणादायी संदेश दिए। सम्मेलन का समापन राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ हुआ।

## यमुनानगर में दहशत फैलाने के लिए बदमाशों ने एक दर्जन गोलियां बरसाईं, 3 पकड़े

# अस्पताल व मॉल पर फायरिंग के 6 घंटे बाद एनकाउंटर, दो बदमाशों के पैर में मारी गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर के जगाधरी रोड स्थित वरयाम सिंह अस्पताल व सिटी मॉल के बाहर फायरिंग करने के करीब 6 घंटे बाद बदमाशों व पुलिस के बीच बड़ी मुठभेड़ हो गई। रटोली रोड पर दोनों ओर से करीब 30 राउंड फायरिंग हुई, जिसमें दो बदमाशों को पैर में गोली लगी। वहीं, एक बदमाश भागते हुए बाइक से गिरकर घायल हो गया। पुलिस ने तीनों बदमाशों को काबू कर उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। इनमें दो नाबालिग हैं। बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग की दो गोली सीआईए टू के प्रभारी राकेश कुमार व एक गोली सीआईए वन के प्रभारी राजकुमार को लगी। बुलेट प्रूफ जैकेट से दोनों बाल-बाल बच गए।

जानकारी के अनुसार शनिवार की रात लगभग साढ़े 10 बजे वरयाम सिंह अस्पताल के बाहर बाइक सवार तीन बदमाश पहुंचे। एक बदमाश बाइक स्टार्ट किए खड़ा रहा, जबकि दो बदमाश मुंह ढककर बाइक से उतरे और फायरिंग शुरू कर दी। 8 से 10 राउंड फायर किए गए। इसके बाद वह फरार हो गए। फायरिंग से अस्पताल के अंदर अफरा तफरी मच गई। इसके बाद यहां से करीब तीन किलोमीटर दूर सिटी मॉल के बाहर भी फायरिंग हुई। यहां पर भी बाइक सवार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया।

**»** *30 राउंड गोलियां चलीं, दो पुलिस वालों को लगी गोली, बुलेट प्रूफ जैकेट ने जान बचाई*

**»** *अस्पताल संचालक से दिसंबर में मांगी गई थी रंगदारी, उसी से जोड़कर देख रहे मामला*



यमुनानगर के रटोली रोड पर मुठभेड़ के बाद मौके से सबूत जुटाती पुलिस टीम।

### रात भर बदमाशों की तलाश में छापे

*एक ही रात में दो जगह पर फायरिंग से दहशत फैल गई। अंदेशा यही जताया जा रहा है कि रंगदारी के लिए ही किसी बड़े गैंग ने इन बदमाशों को भेजकर फायरिंग करवाई है। अस्पताल संचालक से दिसंबर में रंगदारी मांगी गई थी। तब उन्हें पुलिस सुरक्षा दी गई थी। फायरिंग की सूचना के बाद रात भर पुलिस टीम बदमाशों की तलाश में लगी रही। अधिकारियों ने अस्पताल का भी दौरा कर वहां के हालात का जायजा लिया।*



अस्पताल में फायरिंग कर रह बदमाश कैमरे में कैद।

### 3 बदमाशों में से 2 नाबालिग, अंधाधुंध फायरिंग की

बदमाशों के रटोली रोड की ओर होने की सूचना पुलिस को मिली। इस पर सीआईए वन व टू की टीमों ने मौके पर जाकर बदमाशों की घेराबंदी की। रविवार अलसुबह 5 बजे बाइक से आ रहे बदमाशों ने टीम पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश कुरुक्षेत्र निवासी गुरलाल को दो गोली लगी। जबकि नाबालिग 17 वर्षीय किशोर को एक गोली लगी। एक अन्य किशोर की बाइक से गिरकर टांग टूट गई। जांच में सामने आया कि गुरलाल व एक नाबालिग ने अस्पताल और सिटी मॉल के बाहर फायरिंग की।

## किराये पर कहासुनी हुई तो रेप की दी झूठी सूचना, महिला पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

मकान के किराए पर विवाद होने पर एक महिला ने पुलिस कंट्रोल रूम को रेप की झूठी सूचना दे दी। सूचना मिलते ही बादशाहपुर थाना पुलिस सक्रिय हुई और तुरंत शिकायतकर्ता महिला से संपर्क किया। इसके बाद राजस्थान निवासी फिलहाल इंदिरा कॉलोनी, बादशाहपुर में रहने वाली महिला थाने पहुंची। महिला ने दर्ज बयान में बताया कि वह किराये के मकान में अपने परिवार के साथ रहती है। कुछ दिन पहले मकान मालिक के एक रिश्तेदार ने उससे मकान का किराया मांगा था, जिस पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इसी विवाद के चलते महिला ने गुस्से में आकर पुलिस की आपातकालीन सेवा डायल-1091 पर बलात्कार की झूठी सूचना दे दी। पुलिस जांच में यह स्पष्ट हुआ कि महिला द्वारा दी गई सूचना तथ्यहीन और भ्रामक थी। सच्चाई सामने आने के बाद पुलिस ने महिला पर केस दर्ज कर लिया।

## रेवाड़ी के जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 1741 में से 1090 विद्यार्थियों ने दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जवाहर नवोदय विद्यालय में 9वीं और 11वीं में प्रवेश के लिए रविवार को परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के लिए 1741 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया था। 1090 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। परीक्षा सुबह सवा 11 से दोपहर पौने 2 बजे तक चली। परीक्षार्थियों की पुख्ता जांच के बाद ही परीक्षा केंद्रों में एंट्री दी गई। परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले एंट्री बंद कर दी गई थी। परीक्षा के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा और खंड शिक्षा अधिकारी ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। जवाहर नवोदय विद्यालय की 9वीं कक्षा में प्रवेश के लिए चार परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

## स्वराज एक्सप्रेस में बम की सूचना आधा घंटा अंबाला में की चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

स्वराज एक्सप्रेस में बम की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने चेकिंग अभियान चलाया। ट्रेन के अंबाला कैंट स्टेशन पर सघन तलाशी ली गई। इससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। चेकिंग के दौरान, हालांकि कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली और सूचना अफवाह निकली। सुरक्षा को लेकर ट्रेन में कुछ अतिरिक्त सुरक्षा कर्मचारियों को भी आगामी सफर तक तैनात किया गया ताकि कोई भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति नजर आए तो उसे कब्जे में लिया जा सके। सुबह लगभग आठ बजे दिल्ली के रेलवे कंट्रोल रूम से सुरक्षा एजेंसियों को फोन आया कि ट्रेन नंबर 12471 मुंबई-कटरा स्वराज एक्सप्रेस में बम होने की सूचना मिली है। इसकी जानकारी ट्रेन में ही सफर करने वाले एक यात्री ने दी है। सूचना के बाद अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा कर्मचारियों की तैनाती के निर्देश दिए गए। ट्रेन सुबह लगभग 8:40 बजे कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सात पर पहुंची तो आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने डॉग स्क्वायड के साथ मिलकर सभी कोचों को खंगालने का काम शुरु कर दिया। लगभग 50 के करीब कर्मचारी तलाशी अभियान में जुट गए और सभी 22 कोच को बारिकी से खंगाला गया। इस दौरान ट्रेन लगभग आधे घंटे तक प्लेटफार्म पर ही खड़ी रही। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जांच के बाद, अधिकारियों ने पुष्टि की कि बम की सूचना केवल एक अफवाह थी और ट्रेन में कोई खतरा नहीं पाया गया। यात्रियों से संदिग्ध वस्तुओं के बारे में सतर्क रहने का आग्रह किया गया।

## ऑनलाइन ठगी में बैंक खाता खोलने वाले कर्मचारी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

ऑनलाइन ठग गिरोह का खाता खोलने के मामले में पुलिस ने एक्सिस बैंक के सेल्स मैनेजर और सेल्स एग्जिक्यूटिव समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि बैंक अधिकारियों ने 30 हजार रुपये लेकर खाता खोला था और खाताधारक ने आठ लाख रुपये में यह खाता ठगों को दिया था। इस खाते में ठगी के 50 लाख रुपये की ट्रांजेक्शन हुई है। यह गिरोह निवेश के नाम पर लोगों को फंसाकर रुपये ऐंठता था।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पिंटू कुमार निवासी हाथरस, यूपी, रोहित निवासी आवास विकास कॉलोनी, जिला हाथरस और उमंग गुप्ता निवासी धर्म कुंज, जिला हाथरस के रूप में हुई। साइबर क्राइम थाने में इस संबंध में 15 जनवरी को केस दर्ज हुआ था। शिकायत में बताया गया था कि व्हाट्सग्रुप व फर्जी एप के माध्यम से यूएसडीटी ट्रेडिंग में निवेश करके अच्छा मुनाफा कमाने का प्रलोभन देकर ठगी की गई है। थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि इस केस में ठगी गई राशि में से 50 लाख रुपये दिनेश इंटरप्राइजेज नाम की फर्म में ट्रांसफर हुए थे। यह फर्म आरोपी दिनेश कुमार के नाम पर थी। इसका बैंक खाता आरोपी अंकुल व पिंटू ने अपने साथी दिनेश के साथ मिलकर आरोपी उमंग गुप्ता व रोहित के माध्यम से फर्जी तरीके से खुलवाया था।






**कला** | डीएलसी सुपवा में हो रहा इंटरनेशनल थिएटर फेस्टिवल

# ‘भारंगम’ व ‘सारंग’ का मंच तैयार, राष्ट्रीय कलाकार छात्रों को देंगे थिएटर का ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा के रंग मंच के लिए सोमवार को एक ऐतिहासिक दिन है। दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसी सुपवा) में सोमवार से विश्व के सबसे बड़े थियेटर इंटरनेशनल फेस्टिवल ‘भारंगम’ का शुभारंभ हो रहा है। इसके साथ ही यूनिवर्सिटी का अपना सांस्कृतिक महोत्सव ‘सारंग’ भी शुरू होगा। यह पहला अवसर है जब हरियाणा की किसी यूनिवर्सिटी में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के सहयोग से ‘भारंगम’ का आयोजन किया जा रहा है।

चार दिवसीय महोत्सव 9 से 12 फरवरी तक चलेगा। सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक ‘सारंग’ के तहत सांस्कृतिक गतिविधियां होंगी, जबकि शाम 6 से 8 बजे तक ‘भारंगम’ के अंतर्गत नाट्य प्रस्तुतियां होंगी। सभी कार्यक्रम यूनिवर्सिटी के एफटीवी डिपार्टमेंट में आयोजित किए जाएंगे। ‘सारंग’ महोत्सव के पहले दिन ओपन स्टेज पर छऊ और ओडिशी नृत्य की विशेष प्रस्तुति होगी। इसके साथ ही यूनिवर्सिटी के छात्र संगीत, रंग-संगीत और नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। संवाद सत्रों में देश के वरिष्ठ कलाकार छात्रों और दर्शकों से सीधे संवाद करेंगे। ‘भारंगम’ के पहले दिन नाटक ‘उम्मीद – मनुष्य जिंदा है’ का मंचन किया जाएगा। यह नाटक विभाजन की त्रासदी और वर्तमान समाज की संवेदनाओं को जोड़ते हुए मानवीय मूल्यों का संदेश देता है। नाटक में प्रवेश निशुल्क रहेगा।

### 30 रंगकर्मियों को किया जाएगा सम्मानित




यूनिवर्सिटी के कुलगुरू डॉ. अमित आर्य ने बताया कि आयोजन की सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। मंच, प्रकाश, ध्वनि, सुरक्षा और अतिथि व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रदेश और देश के 100 से अधिक प्रतिष्ठित कलाकार व रंगकर्मी महोत्सव में भाग ले रहे हैं। चार दिनों में 30 से अधिक रंगकर्मियों को सम्मानित भी किया जाएगा। महोत्सव से पहले यूनिवर्सिटी परिसर में वैदिक हवन का आयोजन कर देवताओं का आह्वान किया गया। डॉ. आर्य के अनुसार यह आयोजन केवल सांस्कृतिक उत्सव नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को भारतीय कला, रंगमंच और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का एक सशक्त प्रयास है।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौता पर बोला वस्त्र उद्योग मंत्रालय

# 118 अरब डॉलर के अमेरिकी बाजार का दरवाजा खुला, इससे निर्यात, निवेश और रोजगार बढ़ेंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच हुए नए व्यापार समझौते ने भारतीय वस्त्र उद्योग के लिए बड़ा जरवाजा खोल दिया है। इस समझौते के बाद अमेरिका का 118 अरब डॉलर का आयात बाजार भारतीय कपड़ा और परिधान क्षेत्र के लिए ज्यादा सुलभ हो जाएगा। सरकार ने इसे निर्यात, निवेश और रोजगार बढ़ाने की दिशा में अहम कदम बताया है। अमेरिका पहले से ही भारत के वस्त्र निर्यात का सबसे बड़ा बाजार माना जाता है। वस्त्र मंत्रालय ने कहा क ि इस समझौते से भारतीय वस्त्र और परिधान उत्पादों पर लगने वाला 18 प्रतिशत जवाबी शुल्क घटेगा। इससे भारतीय निर्यातकों को कीमत के मामले में सीधा फायदा मिलेगा। मंत्रालय का कहना है कि अब भारत की स्थिति बांग्लादेश, चीन, पाकिस्तान और वियतनाम जैसे प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में मजबूत होगी। बड़े अंतरराष्ट्रीय खरीदार भी अब अपनी खरीद रणनीति में भारत को प्राथमिकता दे सकते हैं।




1. भारतीय निर्यतकों को होगा सीधा फायदा
2. भारतीय कपड़ा और परिधान क्षेत्र के लिए होगा सुलभ
3. अन्य देशों की तुलना में भारत मजबूत होगा

### भारतीय उत्पाद सस्ते और प्रतिस्पर्धी बनेंगे

सरकारी आंकड़ों के अनुसार अमेरिका को भारत का मौजूदा वस्त्र निर्यात करीब 10.5 अरब डॉलर का है। इसमें लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा परिधान का और करीब 15 प्रतिशत मेड-अप्स का है। शुल्क घटने से भारतीय उत्पाद सस्ते और प्रतिस्पर्धी बनेंगे।



### 2030 के निर्यात लक्ष्य में होगा सहायक

सरकार ने वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर के वस्त्र निर्यात का लक्ष्य रखा है। मंत्रालय का कहना है कि नया व्यापार समझौता इस लक्ष्य को हासिल करने में अहम भूमिका निभाएगा। वस्त्र निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी पांचवें हिस्से से ज्यादा रह सकती है।

### परिधान के साथ फुटवियर और रसायन क्षेत्र को मिलेगी राहत

इस अंतरिम व्यापार समझौते का फायदा सिर्फ कपड़ा क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा। परिधान, फुटवियर, प्लास्टिक, रबर और रसायन जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को भी राहत मिलेगी। आयात शुल्क घटने से इन सेक्टरों के उत्पादों की मांग बढ़ने की उम्मीद है। उद्योग संगठनों का कहना है कि ऊंचे शुल्क के कारण हाल के महीनों में निर्यात प्रभावित हुआ था, अब स्थिति सुधर सकती है।


सीतारमण ने दिया स्पष्टीकरण

### उद्योगों के लिए वैश्विक बाजार में पहुंच आसान होगी

एमएसएमई और उपभोक्ताओं को सीधी राहत वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को स्पष्ट किया कि यह ढांचा भारत के छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए वैश्विक बाजार में पहुंच आसान बनाएगा। उन्होंने कहा कि इससे व्यवसायों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए लागत कम होगी। टैरिफ के गणित को समझाते हुए उन्होंने बताया कि अमेरिका मौजूदा 50 प्रतिशत के टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। इसके बदले में, भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर आयात शुल्क खत्म या कम करेगा। इन अमेरिकी उत्पादों में ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स, पशु चारे के लिए लाल ज्वार, ट्री नट्स, ताजे और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, वाइन और स्पिरिट शामिल हैं।

## नक्सलवाद के खिलाफ प्लानिंग की आखिरी बैठक में बोले शाह, उग्रवाद को पूरी तरह खत्म करें

एजेंसी ⏭ रायपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 3 दिनी छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। वे नक्सल विरोधी अभियान और विभिन्न कार्यों की समीक्षा के लिए रायपुर पहुंचे हैं। शाह ने रविवार को रायपुर में राज्य में नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे एक्शन को लेकर एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। 31 मार्च तक नक्सल खात्मा करीब है। ये बैठक नवा रायपुर अटल नगर के एक होटल में हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, केंद्रीय गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो आदि थे। (आईबी) के निदेशक और गृह मंत्रालय में विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा) मौजूद थे।

### नक्सल प्रभावित राज्यों के डीजीपी भी शामिल

हाईलेवल मीटिंग में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के महानिदेशक भी थे। साथ ही छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र, झारखंड और तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक एवं कई वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे।




### बस्तर में कम हो रहा नक्सलवाद

छत्तीसगढ़ का बस्तर क्षेत्र, जिसमें सात जिले शामिल हैं, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और ओडिशा की सीमाओं से सटा हुआ है और लंबे समय से माओवादियों का मजबूत गढ़ माना जाता रहा है। यहां नक्सल रोधी अभियानों में तेजी आई है गतिविधियां कम हुई हैं।

### बड़े फैसलों पर लगेगी मुहर

इस मीटिंग में बड़ा फैसला लिया जा सकता है। 31 मार्च से पहले संभवत ये नक्सलवाद के खिलाफ प्लानिंग की आखिरी बड़ी बैठक हो। इस मीटिंग में यह फैसला किया जाएगा की आने वाले अब कैसे काम करना है जिससे निर्धारित डेडलाइन पर नक्सलवाद को खत्म किया जा सके।

### नक्सल विरोधी अभियान की डेडलाइन आ रही नजदीक

**500 से ज्यादा नक्सली मारे :** बस्तर क्षेत्र, जिसमें 7जिले शामिल हैं, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के साथ सीमा साझा करता है और माओवादियों का सबसे मजबूत गढ़ माना जाता रहा है। बीते कुछ वर्ष में उग्रवादी आंदोलन काफी कमजोर हो गया है। जनवरी 2024 से छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ों में 500 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं जिनमें कई बड़े नाम भी शामिल थे। करीब 1,900 नक्सली गिरफ्तार किए गए तो 2,500 से ज्यादा ने सरेंडर किया।

**31 मार्च 2026 है डेडलाइन :** बैठक से पहले शाह ने एक्स पर पोस्ट कर कहा था कि 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद से देश को पूरी तरह मुक्त करने के संकल्प में सफलता की ओर अग्रसर हैं। आपको बता दें कि गृह मंत्री 9 फरवरी को बस्तर के जगदलपुर पहुंचेंगे, जहां वे बस्तर पंडुम महोत्सव 2026 के समापन समारोह में शामिल होंगे।

## पंजाब में बड़ा धमाका संभव

# भाजपा में 'वापसी' करेंगे सिद्धू! कौर ने राहुल को कहा 'पप्पू'

एजेंसी ⏭ अमृतसर

पंजाब की राजनीति में 2 महीनों से जारी अनिश्चितता और बयानबाजी के दौर का अंत आखिरकार एक बड़े धमाके के साथ हुआ है।



पूर्व विधायक डॉ. नवजोत कौर सिद्धू को कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया है। कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल ने शुक्रवार को इसकी औपचारिक घोषणा की। इस निष्कासन से पहले ही नवजोत कौर ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। अब साफ है पार्टी अब सिद्धू परिवार की बयानबाजी को बर्दाश्त नहीं करेगा।

### कड़वाहट चरम पर पहुंची

पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाए जाने के बाद डॉ. नवजोत कौर सिद्धू के तेवर और भी तल्ख हो गए हैं। उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ बेहद अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने राहुल को 'पप्पू' कहकर संबोधित किया।

### फुले की प्रतिमा तोड़ने वालों पर हो सख्ती: छगन

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल ने तेलंगाना में समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की



प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने की निंदा की। उन्होंने इसे सामाजिक समानता की मूल भावना पर हमला बताया। भुजबल ने इस मामले में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है और दखल देने की मांग की। भुजबल ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### जैसलमेर में ट्रेन में धुएं से मची अफरा-तफरी

**जैसलमेर।** दिल्ली से जैसलमेर जा रही स्वर्ण नगरी एक्सप्रेस में रविवार सुबह अचानक अफरा-तफरी मच



गई। यहां ट्रेन के एक कोच के पहियों से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। घटना सुबह करीब 9 बजे की बताई जा रही है। धुआं दिखाई देते ही लोको पायलट ने सतर्कता दिखाते हुए तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

### साइबर ठगी का भंडाफोड़ सरगना गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने 'डिजिटल अरेस्ट' नामक साइबर ठगी गिरोह



का बड़ा खुलासा करते हुए दो मुख्य आरोपियों अनिश सिंह और मणि सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी लोगों को पुलिस अधिकारी बनकर डराते थे और मानसिक दबाव बनाकर उनसे मोटी रकम वसूलते थे। इनके खातों से जुड़ीं 190 शिकायतें और केस दर्ज हैं।

### मंगोलपुरी में छात्र पर हमला, 3 अंगुलियां कटीं

**मंगोलपुर।** मंगोलपुरी थाना क्षेत्र में अपने दोस्त के घर से पढ़ाई कर लौट रहे 9वीं के एक छात्र पर 3-4



की संख्या में बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया।इस हमले में छात्र की 3 अंगुलियां कट गई। छात्र को मंगोलपुरी के संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया। डाक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद पीड़ित को सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## पप्पू यादव की गिरफ्तारी पर बवाल

# कांग्रेस ने किया प्रदर्शन और सरकार का 'पुतला' फूंका

एजेंसी ⏭ पटना

सांसद पप्पू यादव की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने पटना स्थित सदाकत आश्रम में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के



खिलाफ नारेबाजी करते हुए गिरफ्तारी को राजनीतिक साजिश बताया। कार्यकर्ताओं ने सरकार का पुतला फूंका और आरोप लगाया कि विपक्ष की आवाज दबाने के लिए सत्ता पक्ष दमनात्मक कार्रवाई कर रहा है। कांग्रेस ने कहा कि यादव की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला है।

### कांग्रेस को हमेशा साजिश दिख रही: चिराग

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पप्पू यादव के मामले पर कहा कि- हर चीज को इतना बड़ा चढ़ा कर पेश करना कि हर चीज में साजिश हो रही है। जान से मारने यह नॉर्मल एक प्रक्रिया का हिस्सा है। किसी को यूं अरेस्ट नहीं करते। गिरफ्तार कर सकता है।



## चिंतन

# ट्रेड डील में किसानों और घरेलू उद्योगों के हित सुरक्षित

भारत और अमेरिका के बीच हाल ही में हुए द्विपक्षीय व्यापार समझौते (ट्रेड डील) ने देश में कृषि और घरेलू उद्योग के लिए राहत दी है। इस ऐतिहासिक समझौते में भारतीय किसानों की प्रमुख फसलें, डेयरी उत्पाद और पोल्ट्री पूरी तरह सुरक्षित रहे। गेहूं, चावल, तिलहन, आलू, मसाले, मक्का, सोयाबीन, आटा और एथनॉल जैसे महत्वपूर्ण उत्पाद समझौते के दायरे से बाहर रखे गए हैं। इसके साथ ही पोल्ट्री और चिकन का आयात भी प्रतिबंधित किया है, जिससे घरेलू पोल्ट्री उद्योग को कोई नुकसान नहीं होगा। विशेषज्ञों के अनुसार यह समझौता एक प्रकार का 'लेबर ऑफ लव' है यानि एक ऐसा प्रयास, जो रणनीतिक दृष्टिकोण के साथ दिल से और पूरी मेहनत से किया गया है। इसमें किसी तरह की मजबूरी नहीं थी। इस दृष्टिकोण ने यह सुनिश्चित किया कि भारत ने अपने किसानों और घरेलू उद्योगों के हितों से कोई समझौता नहीं किया। सबसे बड़ी सफलता यह है कि समझौते में भारतीय किसानों की मुख्य फसलें और डेयरी उद्योग पूरी तरह सुरक्षित रहे। अमेरिका की ओर से एथनॉल और पोल्ट्री को शामिल करने का दबाव था, लेकिन भारत ने अपने किसानों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इनका समावेश नहीं किया। यह ध्यान देने योग्य है कि अमेरिका से आने वाली मक्का और सोयाबीन जेनिटिकली मोडिफाइड हैं, जिन्हें भारत में अनुमति नहीं है। यदि पोल्ट्री और चिकन को भारत में आयात करने की अनुमति मिलती, तो घरेलू उद्योगों और किसानों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता था। साथ ही, चाय, नारियल (खोपरा) और दक्षिण भारत के अन्य किसानों से जुड़े उत्पादों को भी समझौते से बाहर रखा गया। तंबाकू को भी शामिल नहीं किया गया। यह दर्शाता है कि भारत ने अपनी कृषि और घरेलू उद्योग की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इस ट्रेड डील का महत्व केवल किसानों की सुरक्षा तक सीमित नहीं है। यह भारत की दीर्घकालिक रणनीति और ऊर्जा सुरक्षा को भी ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के बावजूद भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक खरीद नीति पर कोई समझौता नहीं करेगा। गोयल ने कहा कि अमेरिका से अब 500 अरब डॉलर से अधिक मूल्य का सामान खरीदना आसान होगा, जिससे भारत वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्राप्त कर सकेगा। इस ट्रेड डील की तुलना पहले हुए ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और यूरोपीय यूनियन के व्यापार समझौतों से की जा सकती है। इनमें भी किसी देश को भारतीय कृषि और डेयरी से जुड़े उत्पाद निर्यात करने की अनुमति नहीं दी गई। अमेरिका को केवल पिस्ता, काजू, बादाम और कुछ फलों का निर्यात करने की अनुमति मिली है, जिसका आम किसानों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। अमेरिका कृषि और पोल्ट्री में दुनिया का बड़ा उत्पादक है। यदि इनका आयात भारत में खुल जाता, तो घरेलू उद्योग और किसानों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता था। इसे ध्यान में रखते हुए भारत ने स्पष्ट रूप से सीमा तय की और किसानों और घरेलू उद्योगों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। मार्च तक समझौते पर अंतिम हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौता संतुलित, रणनीतिक और किसानों के हित में किया गया एक कदम है। यह समझौता न केवल व्यापार के अवसर बढ़ाएगा, बल्कि किसानों और घरेलू उद्योगों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

भारत का तेजी से बढ़ता मजबूत बुनियादी ढांचा, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) की रफ्तार, ऊर्जा विकास ,नई पीढ़ी की शक्ति, डिजिटल विकास व मैन्युफैक्चरिंग सहित सर्विस सेक्टर की ताकत की वजह से दुनिया के लिए भारत उद्योग-कारोबार और चमकीले बाजार के दृष्टिकोण से आकर्षक देश बन गया है। हाल ही में भारत के अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ हुए व्यापार समझौते भारत के युवाओं और एमएसएमई के लिए अपार अवसरों के द्वार खोलेंगे। गौरतलब है कि 2 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच अंतरिम व्यापार समझौते ने आकार लिया है।

# भारत से कारोबार के लिए बेताब दुनिया

यकीनन इस समय दुनिया के कई विकसित और विकासशील देश भारत से व्यापार समझौते के लिए आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। हाल ही में 5 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए कहा कि इस समय दुनिया में आकार ले रही नई विश्व व्यवस्था भारत की ओर झुकी हुई है। पहले अधिकांश अंतरराष्ट्रीय आर्थिक-व्यापारिक टिप्पणियों में कहा जाता था कि भारत ने मौका गंवा दिया, लेकिन अब दुनिया भर के देशों का मानना है कि अगर वे आर्थिक रूप से तेजी से बढ़ते हुए भारत के साथ नहीं जुड़ पाए तो वे महत्वपूर्ण मौका गंवा देंगे।

भारत का तेजी से बढ़ता मजबूत बुनियादी ढांचा, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) की रफ्तार, ऊर्जा विकास ,नई पीढ़ी की शक्ति, डिजिटल विकास व मैन्युफैक्चरिंग सहित सर्विस सेक्टर की ताकत की वजह से दुनिया के लिए भारत उद्योग- कारोबार और चमकीले बाजार के दृष्टिकोण से आकर्षक देश बन गया है। हाल ही में भारत के अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ हुए व्यापार समझौते सहित अन्य व्यापार समझौते भारत के युवाओं और एमएसएमई के लिए अपार अवसरों के द्वार खोलेंगे। गौरतलब है कि 2 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच अंतरिम व्यापार समझौते ने आकार लिया है। इस समझौते से जहां कई क्षेत्रों में भारत से अमेरिका को निर्यात बढ़ेंगे, वहीं भारत में निवेश भी बढ़ेंगे। इस समझौते से दुनिया के लिए मेक इन इंडिया, डिजाइन इन इंडिया और इनोवेट इन इंडिया का अभियान तेजी से आगे बढ़ेगा। इस अंतरिम व्यापार समझौते के तहत अमेरिका के द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए 25 प्रतिशत जवाबी टैरिफ को घटाकर 18 फीसदी किया गया है और रूस से तेल खरीदी के मद्देनजर दंडात्मक रूप में भारत पर लगाए गए 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ को हटा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले माह 27 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित भारत ईयू के शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष ऊर्सला वान डेर लायन की उपस्थिति में भारत-ईयू के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का ऐलान किया गया। इस एफटीए पर आधिकारिक हस्ताक्षर लगभग छह महीने बाद होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह एफटीए दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच तालमेल का शानदार उदाहरण है और भारत के लिए अत्यधिक लाभप्रद है। ऊर्सला ने इस समझौते को सभी व्यापार समझौतों की जननी (मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स) कहते हुए यह रेखांकित किया कि दुनिया के वर्तमान 'ग्रोथ सेंटर' और इस सदी के आर्थिक पावर हाउस भारत के साथ यह एफटीए यूरोप को दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते आर्थिक क्षेत्रों में पहली बढ़त दिलाएगा। साथ ही यह वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक गेम-चेंजर साबित होने वाला एफटीए होगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस एफटीए से दो अरब लोगों का एक साझा बाजार तैयार होगा और यह संयुक्त बाजार वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग एक चौथाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करेगा। निश्चित रूप से इस एफटीए ने अमेरिका द्वारा लगाए गए ऊंचे टैरिफ के बीच भारत और



ईयू को नई रणनीतिक गोलबंदी के साथ व्यापारिक संबंधों को नई दिशा दी है। गौरतलब है कि भारत-ईयू एफटीए के लिए बातचीत 2007 में शुरू हुई थी, लेकिन 2013 में यह वार्ता रुक गई। जून 2022 में वार्ता फिर से शुरू की गई थी, जो अब अंजाम तक पहुंची है। यह बात महत्वपूर्ण है कि यूरोपीय संघ भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। भारत और यूरोपीय संघ एक-दूसरे के प्रतिद्वंद्वी नहीं बल्कि साझेदार हैं, क्योंकि दोनों मूल्य श्रृंखला के अलग-अलग स्तरों पर काम करते हैं। भारत प्रमुखतया श्रम-प्रधान और प्रसंस्करण आधारित वस्तुओं का निर्यात करता है, जबकि यूरोपीय संघ प्रमुखतया पूंजीगत वस्तुओं, उन्नत प्रौद्योगिकी और औद्योगिक उत्पादों की आपूर्ति करता है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और 27 देशों के संगठन ईयू के बीच वस्तुओं और सेवाओं में कुल व्यापार 190 अरब डॉलर से अधिक का रहा है। पिछले वित्त वर्ष में दोनों के बीच वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार 136.53 अरब डॉलर रहा। इसमें भारत का निर्यात 75.85 अरब डॉलर और आयात 60.68 अरब डॉलर था। इसके अलावा, यूरोपीय संघ भारत में एक बड़ा निवेशक भी है, जिसका अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 तक संचयी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) करीब 117.4 अरब डॉलर रहा है। यदि हम भारत-ईयू एफटीए को देखें तो पाते हैं कि इससे भारत और यूरोपीय संघ के छात्रों, मौसमी कामगारों, शोधकर्ताओं और उच्च कुशल पेशेवरों की आवाजाही को सुगम बनाने, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक गतिशील ढांचे को आकार मिला है। यह एफटीए भारत-ईयू व्यापार के लिए महज एक व्यापार का रणनीतिक दस्तावेज नहीं है, बल्कि आर्थिक पुनर्व्यवस्था के रूप में भारत और ईयू दोनों के लिए व्यापारिक जोखिम को पुनर्संतुलित करने और बदलते वैश्विक व्यापार वातावरण में आगे बढ़ने का अवसर देने वाला चमकीला दस्तावेज है। इस एफटीए के तहत दोनों पक्ष आपसी व्यापार वाली 90 प्रतिशत से अधिक वस्तुओं पर आयात शुल्क शुरुआत से ही कम या समाप्त कर देंगे, जबकि कुछ अन्य वस्तुओं पर इसे आगामी वर्षों में चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा।

यह एफटीए व्यापार, निवेश, स्वच्छ और हरित ऊर्जा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सुरक्षा और रक्षा, डिजिटल पहलों, कनेक्टिविटी, अंतरिक्ष और कृषि के क्षेत्रों में आपसी प्रतिबद्धता को दिखाता है। यह वस्तुओं, सेवाओं के व्यापार और नियमों पर केंद्रित है,लेकिन निवेश संरक्षण और जीआई जैसे मुद्दे अलग से सुलझाए जाएंगे। निसंदेह विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग भारत-ईयू एफटीए का एक मुख्य स्तंभ है और इससे सहयोगी अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। इससे स्मार्ट ग्रिड, जल, टीके, आईसीटी, ध्रुवीय विज्ञान और यूरोपीय अनुसंधान परिषद के साथ काम करने वाले युवा वैज्ञानिकों की गतिशीलता जैसे क्षेत्रों में नया सहयोग मिलेगा। अंतरिक्ष सहयोग भारत-ईयू एफटीए का एक महत्वपूर्ण आयाम है, जो दशकों के तकनीकी सहयोग और बढ़ते संस्थागत जुड़ाव पर आधारित है। ईयू के अलावा अन्य देशों के साथ भारत के एफटीए भारत की आर्थिक तस्वीर को नया रूप देंगे। अब भारत के द्वारा विभिन्न देशों के साथ एफटीए के अधिकतम लाभ उठाने के लिए घरेलू उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने, एफटीए के लिए जागरूकता बढ़ाने, गैर-टैरिफ बाधाएं दूर करने, सेवा क्षेत्र का लाभ उठाने, निर्यात में विविधता लाने, कृषि और संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा करने, व्यापार संतुलन को भारत के पक्ष में लाना होगा। उम्मीद करें कि अमेरिका, ईयू और अन्य देशों के साथ भारत के व्यापार समझौते भारतीय अर्थव्यवस्था को रफ्तार देंगे और भारत विकसित देश बनने की डगर पर आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

जानकी जयंती
श्वेता गोयल



# आधुनिक युग में माता सीता की प्रासंगिकता और नारी सम्मान

भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म की समृद्ध आध्यात्मिक चेतना में माता सीता केवल एक पौराणिक चरित्र नहीं बल्कि त्याग, समर्पण, धैर्य, करुणा, असीम पवित्रता और नारी मर्यादा की ऐसी जीवंत प्रतिमूर्ति हैं, जो युगों-युगों से नारी शक्ति को परिभाषित करती आई हैं। उनका जीवन हमें यही सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियां चाहे कितनी ही कठोर क्यों न हों, यदि मन में धर्म, संयम और आत्मविश्वास अडिग हो तो जीवन की हर अग्निपरीक्षा सार्थक बन जाती है। प्रतिवर्ष फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाने वाली जानकी जयंती, जिसे सीता अष्टमी के नाम से भी जाना जाता है, इसी आदर्श जीवन दर्शन का उत्सव है। यह पर्व माता सीता के पृथ्वी पर प्राकट्य का स्मरण कराता है और नारी शक्ति के उस स्वरूप को प्रणाम करता है, जिसने प्रेम, सहनशीलता और मर्यादा को जीवन का आधार बनाया। इस वर्ष जानकी जयंती 9 फरवरी को मनाई जा रही है। उदया तिथि की मान्यता के अनुसार, 9 फरवरी को ही व्रत, पूजन और साधना करना शास्त्र सम्मत और श्रेष्ठ माना गया है। माता सीता के प्राकट्य की कथा भारतीय परंपरा की सबसे दिव्य और अर्थपूर्ण कथाओं में से एक है। रामायण के अनुसार मिथिला में एक समय भयंकर अकाल पड़ा था। ऋषियों के परामर्श पर मिथिला के राजा जनक ने स्वयं हल चलाने का संकल्प लिया, जिससे धरती माता प्रसन्न हों और वर्षा हो। जब राजा जनक खेत जोत रहे थे, तब हल का अग्र भाग, जिसे 'सीत' कहा जाता है, धरती में गड़े एक स्वर्ण कलश से टकराया। उस कलश से एक दिव्य, तेजस्वी और अनुपम सौंदर्य से युक्त कन्या प्रकट हुई। निःसंतान राजा जनक ने उस कन्या को ईश्वर का प्रसाद मानकर स्वीकार किया। हल के अग्र भाग से उत्पन्न होने के कारण उनका नाम सीता पड़ा, राजा जनक की पुत्री होने के कारण वे जानकी कहलाई और धरती से जन्म लेने के कारण उन्हें भूमिजा कहा गया। इस प्रकार माता सीता का जन्म स्वयं प्रकृति और धर्म के मिलन का प्रतीक बन गया। माता सीता का संपूर्ण जीवन त्याग और धैर्य की जीवंत मिसाल है। राजमहल की सुख-सुविधाओं को त्यागकर उन्होंने वनवास स्वीकार किया; अपहरण, अकेलापन, लोकापवाद और कठिन परीक्षाओं को सहन किया, फिर भी अपने चरित्र, आत्मसम्मान और धर्म से कभी विचलित नहीं हुई। वे केवल भगवान राम की अर्धांगिनी नहीं बल्कि उनके धर्मपथ की सहचरी और नैतिक भी शक्ति थी। जानकी जयंती का पर्व इसी स्त्री शक्ति, आत्मबल और मर्यादा के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर है।

धार्मिक दृष्टि से जानकी जयंती का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन माता सीता और भगवान राम की संयुक्त पूजा करने से दांपत्य जीवन में प्रेम, विश्वास और सामंजस्य बढ़ता है। विवाहित महिलाएं इस दिन व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करती हैं। कुंवारी कन्याओं के लिए यह पर्व विशेष रूप से फलदायी माना गया है क्योंकि माता सीता को आदर्श पत्नी और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि श्रद्धा और नियमपूर्वक किए गए व्रत से योग्य और मनचाहा वर प्राप्त होता है। माता सीता को लक्ष्मी स्वरूप भी माना गया है। उनके पूजन से घर में सुख-समृद्धि, धन-धान्य और स्थायित्व का वास होता है। यह पर्व समाज को संदेश देता है कि स्त्री केवल सहनशील नहीं बल्कि सृजन, संतुलन और शक्ति का मूल आधार है। ज्योतिषीय दृष्टि से भी जानकी जयंती का विशेष महत्व माना गया है। माघ-फाल्गुन संधिकाल में आने वाली इस अष्टमी तिथि पर चंद्रमा और शुक्र ग्रह का प्रभाव प्रेम, सौंदर्य और वैवाहिक सुख को प्रबल करता है। कुछ मान्यताओं में माता सीता को शनि तत्व से भी जोड़ा जाता है, क्योंकि उनका जीवन तपस्या, धैर्य और कर्म का प्रतीक है। इस दिन व्रत और साधना करने से शनि दोष की शांति और मानसिक दृढ़ता प्राप्त होने की आस्था है। जानकी जयंती केवल एक धार्मिक पर्व नहीं बल्कि नारी सम्मान, आत्मबल और धर्मनिष्ठ जीवन का उत्सव है, जो हमें स्मरण कराता है कि सच्ची शक्ति बाहरी वैभव में नहीं, बल्कि आंतरिक धैर्य और सत्य के पालन में निहित है। यदि हम माता सीता के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं तो जीवन की कठिन से कठिन राह भी सहज और अर्थपूर्ण बन सकती है। जिस प्रकार सीता ने राजसी सुखों का त्याग कर वनवास स्वीकार किया और रावण की अशोक वाटिका में रहकर भी अपने सतीत्व और धैर्य को अडिग रखा, वह हर मनुष्य के लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश स्तंभ है। आज के आधुनिक युग में, जहां रिश्तों में संवेदनशीलता कम हो रही है और मानसिक तनाव बढ़ रहा है, जानकी जयंती जैसे पर्व हमें ठहरकर सोचने और आत्म-निरीक्षण करने का अवसर देते हैं।

(लेखिका शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आखिर क्या है आध्यात्मिक चेतना



संकलित
**दर्शन**

आज मनुष्य अत्यधिक भौतिकवादी तथा लालची हो गया है। बलिदान, त्याग, संतोष, प्रज्ञा, चिंतन-मनन, मुक्ति और मोक्ष जैसे शब्द हमारे शब्दकोश से धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, जो कि आध्यात्मिक मूल्यों के द्योतक रहे हैं। व्यापक उपभोगवादी संस्कृति तथा भोग-विलास से पोषित भौतिकवाद की नई उभरी संस्कृति ने आध्यात्मिक चेतना पर पर्दा डाल दिया है। धन-अर्जन, सत्ता तथा प्रसिद्धि की लालसा और सुखवादी जीवन-प्रणाली आज जीवन का परम लक्ष्य है। सभी धर्मों ने लालच को महापाप कहा है, परंतु आज लालच ही मुख्य प्रेरणा-द्वार है। ऋषि-मुनि आध्यात्मिक मूल्यों को सर्वोच्च महत्व देते हैं। हिंदू धर्म के आध्यात्मिक मूल्यों का अनुक्रम है-धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष। अर्थ तथा काम संसारिक मूल्य हैं, जबकि धर्म तथा मोक्ष आध्यात्मिक मूल्य हैं, परंतु धर्म का स्थान सर्वदा प्रथम है। यह अर्थ तथा काम दोनों का प्रेरक तथा नियंत्रक है। जीवन के हिंदू दृष्टिकोण के अनुसार, सात्विक सर्वाधिक ऊंचा आदर्श है। इसके बाद राजसी का स्थान है, जो एक आदर्श नहीं, परंतु सामाजिक आवश्यकता है। तामसिक सबसे अधिक अपमानजनक वृत्ति है, जिससे सभी बुद्धिमान दूर रहते हैं। मनु की पद्धति में सतत्व को न्याय की संज्ञा दी गई है, राजस को आकांक्षा की तथा तमस को इच्छाओं की। महापुरुषों ने चिंतन-मनन को मनुष्य के परम आनंद के रूप में देखा। आंतरिक शांति तथा आध्यात्मिक ज्ञान के लिए समर्पित जीवन ही मानव गतिविधियों का सवरेत्तम रूप है।

## चंद्र देव को दक्ष ने दे दिया था शाप



संकलित
**प्रेरणा**

चंद्र और दक्ष प्रजापति से जुड़ी कथा है। दक्ष प्रजापति ने अपनी 27 पुत्रियों का विवाह चंद्र देव से किया था। दक्ष की सभी पुत्रियों में रोहिणी सबसे सुदर थी। इसी वजह से चंद्र रोहिणी से अधिक प्रेम करते थे और बाकी पत्नियों पर ध्यान नहीं देते थे। इस कारण दक्ष की शेष 26 पुत्रियों को रोहिणी से जलन होने लगी। इन 26 पुत्रियों ने ये बात अपने पिता प्रजापति दक्ष से कह दी। दक्ष ये सुनकर गुस्सा हो गए और उन्होंने चंद्र को धीरे-धीरे क्षीण होने यानी खत्म होने का शाप दे दिया। दक्ष के शाप से चंद्र देव धीरे-धीरे घटने लगा यानी खत्म होने लगे। चंद्र देव ने दक्ष के शाप का असर खत्म करने के लिए ब्रह्माजी से मदद मांगी। तब ब्रह्मा जी ने चंद्र को सलाह दी कि उन्हें प्रभास क्षेत्र (सोमनाथ का क्षेत्र) में शिव जी को प्रसन्न करने के लिए तप करो। शिव जी की कृपा से तुम्हारी समस्याएं दूर हो जाएंगी। ब्रह्मा जी की बात मानकर चंद्र ने प्रभाष क्षेत्र में शिवलिंग स्थापित किया और तपस्या शुरू कर दी। चंद्र के कठोर तप से प्रसन्न होकर शिव जी प्रकट हुए और दक्ष के शाप का असर कम करके अमर होने का वरदान दे दिया। दक्ष के शाप का असर कम होने से चंद्र कृष्ण पक्ष में क्षीण यानी खत्म होता है और शुक्ल पक्ष में चंद्र बढ़ने लगता है। पूर्णिमा को पूर्ण रूप हो जाता है। चंद्र देव ने शिव जी से प्रार्थना की थी कि वे प्रभाष क्षेत्र में ही वास करें। चंद्र देव की प्रार्थना मानकर भगवान ज्योति स्वरूप में प्रभाष क्षेत्र में विराजित हो गए। यहां चंद्र देव ने शिवलिंग स्थापित किया था, इसी वजह से इस शिवलिंग का नाम सोमनाथ पड़ा है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### उपकरणों का सावधानी से प्रयोग करना जरूरी

विज्ञान ने हमें हर मौसम से बचने के लिए बहुत सी चीजें दी हैं। लेकिन अगर हम इनका सावधानी से प्रयोग न करें तो यह हमारे लिए कभी भी हानिकारक बन सकती हैं और अक्सर खबरें भी पढ़ने और सुनने को मिलती हैं कि इन चीजों के प्रयोग करते समय कोई हादसा हो गया। सर्दियों में गैस गीजर, कोयले की अंगीठी और अन्य गर्मी प्रदान करने वाले उपकरण लोगों की जान के दुश्मन भी बन जाते हैं। सर्दियों के मौसम में नहाने के लिए लोग गैस से चलने वाले गीजर का भी प्रयोग कर रहे हैं। लेकिन इसके प्रयोग में जरा सी भी असावधानी किसी दुर्घटना को अंजाम दे सकती है। गैस गीजर को बाथरूम में लगाने के साथ-साथ एक खिडक़ी जरूर रखें। लोगों को चाहिए कि जहां गैस गीजर लगा हो वहां हवा बाहर निकलने के लिए जगह होनी चाहिए अर्थात एडजोस्ट फैन बाथरूम में होना चाहिए।

*– महेश काले, दुर्ग*

## करंट अफेयर

### किम पेश कर सकते हैं पांच वर्षों की रणनीति


उत्तर कोरिया इस महीने के अंत में एक बड़ा पार्टी सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है, जिसमें नेता किम जोंग उन अगले पांच वर्षों के लिए देश की घरेलू और विदेश नीति की रूपरेखा पेश कर सकते हैं। सरकारी मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। सत्तारूढ़ 'वर्कर्स पार्टी' का यह सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है, जब उत्तर कोरिया ने हाल के वर्षों में अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम तेज किए हैं। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस के साथ उसके रिश्ते और गहरे हुए हैं, लेकिन इससे अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ उसका तनाव भी बढ़ गया है। इस तरह का सम्मेलन इससे पहले किम ने वर्ष 2016 और 2021 में आयोजित किया था। उत्तर कोरिया की 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने खबर में बताया कि किम जोंग उन की अध्यक्षता में पार्टी के राजनीतिक ब्यूरो की बैठक हुई, जिसमें फैसला लिया गया कि सम्मेलन फरवरी के अंत में आयोजित किया जाएगा। हालांकि, सरकारी मीडिया ने अभी इसकी तारीख या एजेंडा का खुलासा नहीं किया है। यह सम्मेलन कई दिनों तक चल सकता है। हाल के हफ्तों में किम ने हथियारों के परीक्षणों की निगरानी की है और सैन्य ठिकानों तथा आर्थिक परियोजनाओं का दौरा किया है।



## ऑफ बीट


### जीवाश्मीकृत उल्टी से पुराने शिकारी के आहार का पता चला

यह जीवाश्म हड्डियों के एक सघन समूह के रूप में है। ब्रॉमाकर स्थल पर इससे पहले इस तरह का हड्डियों का जमाव कभी नहीं मिला था, जिससे संकेत मिलता है कि इन अवशेषों को किसी शिकारी ने निगला था और बाद में या तो मल के रूप में या फिर उगलकर बाहर निकाला था। कोप्रोलाइट (जीवाश्मीकृत मल) के मामलों में हड्डियों के अवशेष आम तौर पर कार्बनिक मूल की एक स्पष्ट तलछटी संरचना (मल पदार्थ) के भीतर संरक्षित पाए जाते हैं, जो फॉस्फोरस से समृद्ध होती है और हड्डियों के पाचन से जुड़ी जीवाणु गतिविधि का परिणाम होती है। हालांकि, इस नमूने में हड्डियों के अवशेष ऐसी किसी संरचना से घिरे हुए नहीं हैं। माइक्रो-एक्सआरएफ (एक्स-रे फ्लोरेसेंस स्पेक्ट्रोमेट्री) के जरिए किए गए रासायनिक विश्लेषण में इस मैट्रिक्स में फॉस्फोरस की लगभग अनुपस्थिति की पुष्टि हुई। फॉस्फोरस की यह कमी रीगर्जिटालाइट (जीवाश्मीकृत उल्टी) की एक विशिष्ट विशेषता मानी जाती है, जबकि कोप्रोलाइट में पाचन की अधिक अवधि के कारण फॉस्फोरस की मात्रा काफी अधिक होती है। हमने इस जीवाश्म का त्रि-आयामी (सीटी स्कैन) परीक्षण भी किया।



## ट्रेंड

### बस्तर की सुंदरता



बस्तर की सुंदरता को देखकर लगता है कि मां दंतेश्वरी ने स्वयं इसे अपने हाथों से सजाया है। जब इस रती में किसान बीज छिड़कते हैं, तब यह पंडुम होता है। आम का मौसम आता है, तब यह पंडुम होता है। लोग जीवन को उत्सव के रूप में जीते हैं।

**- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

### चिचाकी रेलवे स्टेशन



चिचाकी रेलवे स्टेशन को अब महत्वपूर्ण ट्रेनों से जोड़ा गया है, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिली है। मेरा निरंतर प्रयास है कि आने वाले समय में और अधिक ट्रेनों का ठहराव चिचाकी रेलवे स्टेशन पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि क्षेत्र की कनेक्टिविटी और सुदृढ़ हो सके।

**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री**

### 500 ईवी बसें शुरू



दिल्ली, इलेक्ट्रिक वाहनों की सबसे अधिक संख्या वाला पहला राज्य बन गया है, जिससे प्रदूषण नियंत्रण में प्रभावी प्रगति हो रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा 500 ईवी बसों और दिल्ली-पानीपत अंतरराज्यीय बस सेवा का शुभारंभ।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### ट्रंप के सामने घुटने टेके



सच्चाई तो ये है कि पिछले कुछ दिनों से मोदी जी परेशान हैं, क्योंकि एपस्टीन फाइलें में मोदी जी से जुड़ी बातें सामने आ गई हैं। जिसके बाद मोदी जी ने ट्रंप के सामने घुटने टेक दिए और ट्रेड डील कर दी। देश के अन्नदाता, किसानों को बलि चढ़ा दिया।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### भारतीय पिचों पर विविधता होना बहुत जरूरी है: फर्ग्युसन

**चेन्नई।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन ने टी20 विश्व कप मैच के दौरान अफगानिस्तान के शीर्ष क्रम के दो विकेट जल्दी चटकाकर टीम को उम्मीद से कम स्कोर पर रोकने के बाद कहा कि भारतीय पिच पर गेंदबाजों के लिए विविधता 'बहुत जरूरी' है। फर्ग्युसन ने कहा, 'मुझे लगता है कि भारत में कभी-कभी यह जानना मुश्किल होता है कि प्रतिस्पर्धी स्कोर क्या है। जितने वर्षों से मैं यहां आ रहा हूं, पिच बेहतर होती जा रही हैं। हां, विविधता होना बहुत जरूरी है। हर अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज के पास ये विविधताएं होती हैं।' न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराकर अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की और चेपक की पिच पर फर्ग्युसन अपने गेंदबाजों के प्रदर्शन से खुश दिखे।

### सूर्यकुमार में ठहराव आ गया : हरमीत सिंह



**मुंबई।** दबाव के क्षणों में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव का शांतचित्त आत्मविश्वास अमेरिका के स्पिनर हरमीत सिंह को महान महेंद्र सिंह धोनी की याद दिलाता है। अमेरिका के खिलाफ टी20 विश्व कप के पहले मैच में भारत को संकट से निकालकर सूर्यकुमार ने 49 गेंद में 84 रन की नाबाद पारी खेली और जीत के सूत्रधार रहे। हरमीत ने कहा ,' बेशक, हम यह सब सोचते थे लेकिन उन्हें सफलता देर से मिली। मुझे लगता है कि अब उनमें वह ठहराव आ गया है, जो एमएस धोनी में भी उनके कैरियर के आखिरी दौर में था।' उन्होंने कहा,'एक स्ट्रोक प्लेयर के तौर में उनमें जो लय थी, उन्होंने एक समझदारी भरी पारी खेलकर फिनिशर की भूमिका निभाई।

### लाइन और लेंथ पर टिके रहने की थी योजना: सिराज



**मुंबई।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि जून 2024 के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी पर वह सबसे छोटे प्रारुप के लिए अपनी तैयारी को लेकर साफ थे और अमेरिका के खिलाफ टी20 विश्व कप के पहले मैच में रणजी ट्रॉफी में फेंकी गई लाइन और लेंथ पर टिके रहना ही उनकी योजना थी। सिराज शनिवार से शुरू हुए विश्व कप के लिए शुरुआत में भारत की योजनाओं का हिस्सा नहीं थे। उन्होंने हालांकि टीम में वापसी की और एकादश में शामिल होकर वानखेड़े स्टेडियम में मेजबान टीम की 29 रन की जीत में 29 रन देकर तीन विकेट लिए।

### न्यूजीलैंड ने किया बड़ा टारगेट चेज, सेफर्ट ने जड़ी तूफानी फिफ्टी, फर्ग्यूसन को 2 विकेट

# अफगानिस्तान का 25 मैचों का अजेय रिकॉर्ड टूटा, 180 प्लस रन के बावजूद न्यूजीलैंड से हारा

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

एम ए चिदंबरम स्टेडियम की स्पिन गेंदबाजों के अनुकूल पिच पर अफगानिस्तान के स्पिनरों ने निराश किया और बेहतर शुरुआत के बाद रविवार को टी20 विश्व कप के मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम को हार का सामना करना पड़ा। इस हार की वजह से अफगानिस्तान का एक बड़ा रिकॉर्ड भी टूटा है। अफगानिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए इस मैच से पहले टी20 में 25 बार 180 या उससे अधिक का स्कोर पहले बल्लेबाजी करते हुए बनाया था और हर बार मैच जीतने में सफलता हासिल की थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ अफगानिस्तान का जीत का ये क्रम टूट गया। अफगानिस्तान को 182 रन बनाने के बाद भी हार का सामना करना पड़ा। 26 मौकों में पहली बार ऐसा हुआ है जब अफगानिस्तान को 180 रन से अधिक बनाने के बाद भी हार का सामना करना पड़ा है।

#### न्यूजीलैंड का शानदार आगाज

अफगानिस्तान को हराकर न्यूजीलैंड ने अपने सफर का शानदार आगाज किया है। न्यूजीलैंड ने जीत के लिए मिले 183 के लक्ष्य को सलामी बल्लेबाज टिम सेफर्ट के अर्धशतक की मदद से 5 विकेट के नुकसान पर 17.5 ओवर में हासिल कर लिया। 183 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी न्यूजीलैंड को पारी के दूसरे ओवर में ही लगातार गेंदों पर मुजीब उर रहमान ने फिन एलेन और रचिन रवींद्र के रूप में दो बड़े झटके दिए थे। रहमान ने दोनों को बोल्ड कर दिया। दो विकेट 14 रन पर गंवाकर न्यूजीलैंड मुश्किल में थी।



#### सेफर्ट ने खोला जीत का रास्ता

टिम सेफर्ट चौथे विकेट के रूप में 42 गेंद पर 3 छक्कों और 7 चौकों की मदद से 65 रन बनाकर आउट हुए। सेफर्ट की इस पारी ने ही न्यूजीलैंड की जीत का रास्ता खोला। चैपमेन 17 गेंद पर 28 रन बनाकर आउट हुए। डेरिल मिचेल ने 14 गेंद पर 25 और कप्तान मिशेल सेंटनर ने 8 गेंद पर 17 रन बनाकर टीम का स्कोर 17.5 ओवर में 5 विकेट पर 183 तक पहुंचाकर टीम को 5 विकेट से जीत दिला दी। अफगानिस्तान के लिए मुजीब उर रहमान को छोड़ कोई भी गेंदबाज प्रभावी नजर नहीं आया। रहमान ने 4 ओवर में 31 रन देकर 2 विकेट लिए। ओमरजाई ने 3.5 ओवर में 40 रन देकर 1, राशिद खान ने 4 ओवर में 36 रन देकर 1 विकेट लिए। मोहम्मद नबी ने 1 ओवर में 18 रन लुटाकर 1 विकेट लिए।

### श्रीलंका ने आयरलैंड को 20 रन से हराकर शानदार शुरुआत की

- कुसल मेंडिस की फिफ्टी
- तीक्षण और हसरंगा को 3-3 विकेट

**कोलंबो।** सह मेजबान श्रीलंका ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में रविवार को आयरलैंड को 20 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर कामिंदु मेंडिस के 19 गेंद में 44 रन और कुसल मेंडिस के अर्धशतक की मदद से श्रीलंका ने खराब शुरूआत से उबरते हुए छह विकेट पर 163 रन बनाये। जवाब में आयरलैंड की टीम 19.5 ओवर में 143 रन पर आउट हो गई । रोस एडेयर ने 23 गेंद में 34 जबकि हैरी टेक्टर ने 34 गेंद में 40 रन बनाये। श्रीलंका के लिये महीष तीक्षणा ने चार ओवर में 23 रन देकर तीन और वानिंदु हसरंगा ने 25 रन देकर तीन विकेट लिये। आयरलैंड ने चौथे ओवर में कप्तान पॉल स्टर्लिंग का विकेट गंवा दिया जब स्कोर 24 रन था। रोस एडेयर ने हालांकि अच्छी बल्लेबाजी करते हुए टीम को पावरप्ले के आखिर में एक विकेट पर 45 रन तक पहुंचाया। स्टर्लिंग को एक रन के स्कोर पर कुसल मेंडिस ने जीवनदान दिया लेकिन वह उसका फायदा नहीं उठा सके और महीष तीक्षणा की गेंद पर बोल्ड हो गए। श्रीलंका को एडेयर का विकेट मिला जब वानिंदु हसरंगा ने अपने पहले ही ओवर में उन्हें रवाना किया। हैरी टेक्टर टीम को दस ओवर में दो विकेट पर 72 रन तक ले गए। आखिरी दस ओवर में आयरलैंड को 92 रन चाहिये थे। हसरंगा ने 16वें ओवर में टेक्टर को आउट करके सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इससे पहले श्रीलंका ने खराब शुरूआत के बाद छह विकेट पर 163 रन बनाये। विकेटकीपर कुसल ने 43 गेंद में पांच चौकों की मदद से 56 रन बनाये और पांचवें विकेट के लिये कामिंदु के साथ 67 रन की साझेदारी की।

विश्व कप

## नेपाल ने इंग्लैंड को दी कड़ी टक्कर मात्र 4 रन से हारा मुकाबला



एजेंसी ▶▶| मुंबई

वानखेड़े स्टेडियम में रविवार को खेले गए टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के मुकाबले में बड़ा उलटफेर होते-होते बचा। सांस रोक देने वाले रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड की टीम ने नेपाल को 4 रन से हराया। आखिरी ओवर में नेपाल को जीत के लिए 10 रन की जरूरत थी, लेकिन नेपाल 5 रन बना सकी और 4 रन से मैच हार गई। इंग्लैंड की तरफ से आखिरी ओवर सैम करन ने किया था।

#### नेपाल टीम ने जीवटता का दिया परिचय

*185 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी नेपाल क्रिकेट टीम मजबूत जीवटता का परिचय दिया। कुशाल भुर्टेल के 17 गेंद पर 29, कप्तान रोहित पॉडेल के 34 गेंद पर 39 रन, दीपेंद्र सिंह एरे के 29 गेंद पर 44, और लोकेश बाम के 20 गेंद पर बनाए 39 रन की बदौलत नेपाल ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाए। नेपाल जीत से सिर्फ एक शॉट पीछे रह गई। सैम करन ने भी आखिरी ओवर में अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और लीग क्रिकेट का पूरा अनुभव दिखाया, जिसकी वजह से इंग्लैंड को जीत हासिल हो सकी।*

#### बेथेल और ब्रूक ने खेली अर्धशतकीय पारी

इससे पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 184 रन बनाए थे। जैकब बेथेल और कप्तान हैरी ब्रूक ने अर्धशतक लगाया था। बेथेल ने 35 गेंद पर 4 छक्के और 4 चौकों की मदद से 55 और ब्रूक ने 32 गेंद पर 3 छक्कों और 4 चौकों की मदद से 53 रन की पारी खेली थी। इसके अलावा सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे विल जैक्स ने 18 गेंद पर 4 छक्कों की मदद से 39 रन बनाए थे। जोस बटलर ने भी 17 गेंद पर 26 रन की पारी खेली थी।

रणजी ट्रॉफी


## उत्तराखंड की सेमीफाइनल में जगह पक्की, झारखंड को पारी से हराया



एजेंसी ▶▶| चजमशेदपुर

मयंक मिश्रा और अभय नेगी की धारदार गेंदबाजी से उत्तराखंड ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के तीसरे दिन झारखंड को पारी और छह रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। उत्तराखंड के बाएं हाथ के अनुभवी स्पिनर मिश्रा ने 22 रन पर पांच विकेट लेकर झारखंड को अपनी फिरकी के जाल में फंसाया जबकि तेज गेंदबाज अभय नेगी ने 36 रन देकर चार विकेट चटकाए, जिससे विरोधी टीम दूसरी पारी में सिर्फ 130 रन पर ढेर हो गई। कल के पांच विकेट पर 282 रन से आगे खेलते हुए उत्तराखंड ने तीसरे दिन मैच पर अपनी पकड़ मजबूत करते हुए पहली पारी में 122.3 ओवर में 371 रन बनाकर 136 रन की बढ़त हासिल की। निचले क्रम के बल्लेबाज अभय नेगी ने 46 रन की पारी खेलकर उत्तराखंड को बड़ी बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई। झारखंड की टीम पहली पारी में 235 रन ही बना सकी थी। दूसरी पारी में भी झारखंड की शुरुआत खराब रही और टीम ने 14 रन तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों शिखर मोहन (02) और शरणदीप सिंह (08) के विकेट गंवा दिए।

### नीदरलैंड को हराकर भारत ने बनाई बढ़त भांबरी-दक्षिणेश्वर ने खेला मैराथन खेल



**बेंगलुरु।** युकी भांबरी और दक्षिणेश्वर सुरेश ने मैराथन युगल मुकाबले में डेविड पेल और सैंडर एरेंड्स को 7-6, 3-6, 7-6 से हराकर भारत को नीदरलैंड के खिलाफ डेविस कप क्वालीफायर पहले दौर के मुकाबले में रविवार को 2-1 से बढ़त दिला दी। तीन घंटे तक चले बराबरी के मुकाबले में एन श्रीराम बालाजी की जगह दक्षिणेश्वर को उतारने का भारतीय कप्तान रोहित राजपाल का फैसला सटीक साबित हुआ। दोनों टीमों के लिए यह अहम मुकाबला था क्योंकि कल स्कोर 1-1 से बराबर था।

प्रीमियम लीग

## मैनचेस्टर का विजय रथ, टोटेनहैम को हराकर टॉप-4 में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

- कैरिक के मार्गदर्शन में लगातार चौथी जीत

माइकल कैरिक के मार्गदर्शन में मैनचेस्टर यूनाइटेड ने प्रीमियर लीग फुटबॉल में लगातार चौथी जीत हासिल की, जिससे कुछ हफ्ते पहले मुश्किलों में नजर आ रही टीम अब काफी बेहतर स्थिति में दिख रही है। यूनाइटेड ने टोटेनहम को 2-0 से हराकर मुख्य कोच के तौर पर कैरिक की शत प्रतिशत जीत का सिलसिला जारी रखा और पिछले दो वर्षों से चैंपियंस लीग से बाहर रहने के बाद वापसी की उम्मीदों को बढ़ाया। टीम अब 25 मैच में 44 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। आर्सेनल ने शीर्ष पर नौ अंक की बढ़त बना ली है। टीम ने स्थानापन्न खिलाड़ी विक्टर ग्योकेरेस के दो गोल से संडरलैंड के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज की। आर्सेनल के 25 मैच में 56 अंक हैं। दूसरे स्थान पर मौजूद मैनचेस्टर सिटी (24 मैच में 47 अंक) रविवार को लीवरपूल से खेलेगा जबकि तीसरे स्थान पर मौजूद एस्टन विला (25 मैच में 47 अंक) ने बोर्नमाउथ के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। चेल्सी ने कोल पाल्मर की हैट्रिक से आखिरी स्थान पर मौजूद वॉल्व्स के खिलाफ 3-1 की जीत दर्ज की।

## आईसीसी अंडर-19 विश्व कप सर्वश्रेष्ठ टीम में खेलेंगे वैभव, कनिष्क और हेनिल को मिली जगह

एजेंसी ▶▶| दुबई

युवा स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आईसीसी की अंडर-19 विश्व कप की सर्वश्रेष्ठ टीम में जगह मिली, जिसमें तीन भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं। इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में 80 गेंद में 175 रन की शानदार पारी खेलने के बाद टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए 14 साल के सूर्यवंशी के अलावा टीम के उनके साथी कनिष्क चौहान और हेनिल पटेल को भी 12 सदस्यीय टीम में जगह मिली। भारत ने रिकॉर्ड छठी बार खिताब जीता। कनिष्क ने बल्ले और गेंद दोनों से लगातार महत्वपूर्ण योगदान दिया जबकि हेनिल के 11 विकेट में अमेरिका के खिलाफ 16 रन देकर पांच विकेट का शानदार स्पैल भी शामिल था।



#### आईसीसी अंडर-19 पुरुष विश्व कप की सर्वश्रेष्ठ टीम

वैभव सूर्यवंशी (भारत), विरान चामुदिथा (श्रीलंका), फैजल खान शिनोजादा (अफगानिस्तान), थॉमस रेव (विकेटकीपर, कप्तान) (इंग्लैंड), ओलिवर पीक (ऑस्ट्रेलिया), बेन मायेस (इंग्लैंड), कनिष्क चौहान (भारत), नूरीस्तानी उमरजई (अफगानिस्तान), विटेल लावेस (वेस्टइंडीज), अली रजा (पाकिस्तान), मैनी लुम्सडेन (इंग्लैंड), हेनिल पटेल (भारत)।

## लवलीना और अरुंधति का शानदार प्रदर्शन, भारत ने जीते 9 स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶| ला नूसिया

ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और पूर्व युवा विश्व चैंपियन अरुंधति चौधरी की अगुआई में भारत ने बॉक्सैम एलीट इंटरनेशनल 2026 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 स्वर्ण पदक जीते। शनिवार को सात एलीट महिला फाइनल में भारतीयों ने प्रतिनिधित्व किया। वहीं 54 किग्रा वर्ग में फाइनल दो भारतीयों के बीच हुआ। भारतीय महिलाओं ने प्रत्येक में स्वर्ण पदक जीता। बॉक्सैम एलीट 2026 में 20 देशों के 200 से अधिक मुक्केबाजों ने भाग लिया। भारत नौ स्वर्ण, तीन रजत और सात कांस्य पदक के साथ प्रतियोगिता में सबसे सफल रहा।

#### महिला मुक्केबाजों का बेहतरीन प्रदर्शन

भारतीय महिलाओं ने अंतिम दिन बेहतरीन प्रदर्शन किया। मंजू रानी (48 किग्रा) और नीतू (51 किग्रा) ने क्रमश: स्पेन की मार्टा लोपेज और नोएलिया गुटिरेज पर सर्वसम्मत जीत के साथ शुरुआत की। फिर पूनम (54 किग्रा) ने एक कड़े मुकाबले वाले हमवतन प्रीति को हराया।

### एशियाई चैंपियनशिप: हिमांशु ढिल्लों और शांभवी क्षीरसागर ने जूनियर वर्ग में जीता स्वर्ण

# भारतीय निशानेबाजों का दबदबा, इलावेनिल-बबूता ने जीता गोल्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपियन इलावेनिल वलारिवन और अर्जुन बबूता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई चैंपियनशिप (राइफल और पिस्टल) में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जिससे भारतीय निशानेबाजों का दबदबा लगातार बना रहा। भारत की जीत की लय जारी रखते हुए हिमांशु ढिल्लों और शांभवी क्षीरसागर ने इसी स्पर्धा के जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की एयर राइफल स्पर्धा में शनिवार को स्वर्ण जीत चुकी इलावेनिल ने चार टीम के फाइनल में 24 शॉट में 253.4 का स्कोर किया जबकि बबूता ने पदक दौर में खराब शुरुआत के बाद शानदार वापसी करते हुए 251.6 अंक जुटाए, जिससे जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता।



#### इलावेनिल और बबूता ने बनाए 505.0 अंक

इलावेनिल और बबूता ने मिलकर 505.0 अंक बनाए जिससे वे दक्षिण कोरिया की यूनजी क्वोन और किम वूरिम (501.0) से चार अंक आगे रहे जिन्हें रजत पदक मिला। जापान की मिसाकी नोबाटा और नाओया ओकाडा की जोड़ी ने 437.1 अंक से कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने क्वालीफिकेशन में भी अपना दबदबा बनाते हुए 632.8 के कुल स्कोर से पहला स्थान हासिल किया। हिमांशु और शांभवी ने शनिवार को अपनी व्यक्तिगत सफलताओं के बाद मिश्रित टीम स्वर्ण पदक भी जीता।

#### 8 माह की गर्भवती शूटर मेघना ने जीता गोल्ड



भारत की महिला शूटर मेघना सज्जनार ने एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में कमाल कर दिया और पहले उन्होंने 10 मीटर एयर रायफल इवेंट (व्यक्तिगत) में ब्रॉन्ज मेडल जीता और फिर 10 मीटर एयर रायफल टीम इवेंट में गोल्ड मेडल जीतने का कमाल किया। मेघना इस वक्त आठ माह की गर्भवती हैं और इस स्थिति में भी उन्होंने जो जज्बा दिखाया उसे सलाम है।

लाइसेंस नं. 15/2018, दिनांक 13 फरवरी 2018
BUILDING PLAN MEMO NO.: ZP-1238/AD(RA)/2018/28705 dated 08 Oct 2018
HARERA पंजीकरण संख्या : RC/REP/HARERA/GGM/2018/26 दिनांक 28 नवंबर, 2018
Aashiyara Sector 37C, Gurugram

सूचना

आशियारा अफॉर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट Sector-37 C, Gurugram, Haryana के सभी सफल आवेदकों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सफल आवंटियों ने अपने आवंटित फ्लैट की आवंटन राशि का भुगतान नियत तिथि तक नहीं किया है, जिसकी सूचना उन्हें स्पीड पोस्ट व ई–मेल के माध्यम से दी जा चुकी है। अतः निम्नलिखित आवेदकों और आवंटियों को इस समाचार पत्र के माध्यम से पुनः अनुरोध किया जाता है कि अपनी आवंटन राशि/किस्त राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से अगले 15 दिन के अंदर कर दें। अन्यथा उनका आवंटन रद्द माना जाएगा व जो फ्लैट इनको आवंटित थे उनको रद्द कर पुनः आवंटन की प्रक्रिया के लिए, (समय–समय पर संशोधित–हरियाणा अफॉर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी 2013) के नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही की जाएगी।

आवेदन संख्या की सूची

| | | |
|---|---|---|
| सामान्य वर्ग | 2 BHK TYPE A | 123, 124, 127, 128, 609 |
| | 2 BHK TYPE B | 1675, 2882, 3082, 3257, 3422, 3427 |
| | 3 BHK | 1049 |

रेणुका ट्रेडर्स प्राइवेट लिमिटेड CIN. U74899DL1983PTC014992
पंजीकृत कार्यालय : ए–25, मोहन कॉपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, नई दिल्ली–110044 | care@aashiyara.com | दूरभाष : 011-46469999




## पस्त हो जाएंगे चीन और पाकिस्तान

# 114 राफेल विमान खरीदने की तैयारी में भारत, इसी महीने होगी डील

इस प्रस्तावित प्रोजेक्ट में 18 विमान फ्लाई अवे कंडीशन में खरीदे जाएंगे। वहीं, 60 फीसदी तक विमान भारत में बनाए जाएंगे। इन 114 विमानों में से 80 फीसदी विमान भारत में ही बनाए जा सकते हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत वायुसेना की ताकत बढ़ाने पर लगातार काम कर रहा है। अत्याधुनिक राफेल विमान पहले से ही वायुसेना के बेड़े में शामिल हैं। वहीं अब 114 राफेल विमानों की खरीद की प्रक्रिया तेज हो गई है। 18 से 20 फरवरी तक भारत में एआई समिट होने जा रही है जिसमें फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी शामिल होंगे। उनके भारत दौरे से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक होने वाली है। इस बैठक में 3.25 लाख करोड़ की कीमत में 114 राफेल विमानों की खरीद पर मुहर लग सकती है। बता दें, ऑपरेशन सिंदूर के बाद से भारत अपने रक्षा क्षेत्र को तेजी से लगातार मजबूत कर रहा है। यह समझौता न केवल भारत की सैन्य ताकत को बढ़ाएगा, बल्कि भविष्य में तकनीकी हस्तांतरण के जरिए भारत को विमानन क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की नींव भी रखेगा। यह डील पूरी होने के बाद भारत के पास 176 राफेल विमान होंगे।

**डीएसी की बैठक में 3.25 लाख करोड़ का होगा सौदा**

**18 से 20 फरवरी को भारत आएंगे राष्ट्रपति मैक्रों**

### 'मेक इन इंडिया' का संकल्प


राफेल विमान

इस प्रस्तावित सौदे की सबसे बड़ी विशेषता इसका स्वदेशीकरण है। 114 विमानों में से लगभग 80 प्रतिशत का निर्माण भारत में ही किया जाएगा, जिसमें डसॉल्ट एविएशन भारतीय निजी कंपनियों के साथ सहयोग करेगी। योजना के अनुसार, 18 विमान 'फ्लाई-अवे' स्थिति में सीधे फ्रांस से आएंगे, जबकि शेष का निर्माण घरेलू स्तर पर होगा। इन विमानों में 60 फीसदी स्वदेशी तकनीक का उपयोग करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे न केवल रोजगार पैदा होंगे बल्कि भारत के रक्षा विनिर्माण क्षेत्र को वैश्विक पहचान मिलेगी। इस प्रोजेक्ट के तहत 88 सिंगल सीटर और 26 ट्विन सीटर विमान खरीदे जा सकते हैं।

### रक्षा खरीद बोर्ड ने दी मंजूरी

डसाल्ट और भारतीय निजी क्षेत्र की कंपनियां मिलकर विमान बनाएंगी। पिछले महीने ही यह प्रोजेक्ट रक्षा खरीद बोर्ड की तरफ से मंजूर हो गया था। अब अगल स्तर पर प्रोजेक्ट को मंजूरी मिलनी है। इसके बाद तकनीकी और वाणिज्यिक स्तर पर औपचारिक बातचीत शुरू हो जाएगी। मैक्रों के भारत दौरे के दौरान ही इस प्रोजेक्ट को फाइनल रूप दिया जा सकता है।

### सेनाओं के आधुनिकीकरण पर जोर

बता दें कि इस वित्त वर्ष में रक्षा मंत्रालय के लिए 7.85 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है जो कि पिछले साल से 15 प्रतिशत अधिक है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद आए इस पहले बजट में किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने की रक्षा तैयारियों को तेजी से आगे बढाने और सेनाओं के आधुनिकीकरण पर पूरा जोर दिया गया है। रक्षा बजट के लिए आवंटित राशि कुल सकल घरेलू उत्पाद का 1.99 प्रतिशत है।

### 7.85 लाख करोड़ का है इस बार रक्षा बजट

पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच बढ़ती करीबी को देखते हुए भारत रक्षा क्षेत्र में बड़ा निवेश कर रहा है। सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए 7.85 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है जो पिछले वर्ष की तुलना में 24 प्रतिशत अधिक है। बजट में पेंशन के लिए 1.71 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है जो पिछली बार 1.60 लाख करोड़ रुपए था। अनुसंधान और विकास के लिए भी 17250 करोड़ रुपए का प्रावधान है जो पिछली बार 14923 करोड़ रुपए था।

## खबर संक्षेप

### कश्मीर में ढेर आतंकी निकला अफगान वेटेरन



**जम्मू।** किश्तवाड़ के घने जंगलों में 4 फरवरी को भारतीय सेना के साथ मुठभेड़ में मारे गए जैश ए मोहम्मद के आतंकी स्वारुद्दीन खान उर्फ आदिल को लेकर खुफिया एजेंसियों ने बड़ा खुलासा किया है। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख़्वाह के कोहाट जिले का रहने वाला आदिल भारत में घुसपैठ से पहले अफगानिस्तान में अमेरिका और नाटो की सेनाओं के खिलाफ हक्कानी नेटवर्क के साथ मिलकर जैश ए मोहम्मद की तरफ़ से लड़ा था।

### विजय शाह ने चौथी बार माफी मांगी, केस में सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

**भोपाल।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद कर्नल सोफिया पर विवादित बयान देने वाले मंत्री विजय शाह को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट में मंत्री शाह के खिलाफ अभियोजन की कार्यवाही किए जाने के मामले में निर्णय लिया जाएगा। इस बीच परिस्थितियों को देखते हुए मंत्री विजय शाह ने चौथी बार माफी मांगी है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने शनिवार रात को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की और इस मामले में चर्चा की थी। *एजेंसी*

## पीएम मोदी दो दिवसीय मलेशिया का दौरा करके स्वदेश लौटे, द्विपक्षीय संबंधों को मिली और मजबूती

# सुरक्षा से लेकर सेमीकंडक्टर तक किए कई बड़े समझौते, भारतीय वाणिज्य दूतावास शुरू होगा

एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर

पीएम नरेंद्र मोदी रविवार को मलेशिया की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पूरी करने के बाद भारत लौटे। विदेश मंत्रालय ने मलेशिया यात्रा को यादगार बताया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मोदी की मलेशिया यात्रा के महत्वपूर्ण नतीजे निकले हैं, जिससे दोनों देशों के संबंधों को काफी मजबूती मिलेगी। जायसवाल ने एक्स पोस्ट में कहा कि एक यादगार यात्रा संपन्न हुई! मलेशिया की सफल यात्रा के बाद, जो खास गर्मजोशी और मेहमान नवाजी से भरी थी और हमारे करीबी सांस्कृतिक संबंधों पर आधारित थी, पीएम नरेंद्र मोदी भारत के लिए रवाना हो गए। इस यात्रा से महत्वपूर्ण नतीजे निकले हैं, जिससे भारत-मलेशिया संबंधों को काफी मजबूती मिलेगी। विदेश मंत्रालय के सचिव (ईस्ट), पी. कुमारन ने कहा कि यह यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह 2015 में पीएम की मलेशिया की पिछली आधिकारिक यात्रा के लगभग एक दशक बाद हुई है। दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, सेमीकंडक्टर, डिजिटल टेक्नोलॉजी, फिनटेक, नवीकरणीय ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति, पर्यटन और लोगों के बीच संपर्क जैसे सभी प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की।

दोनों देशों के बीच बढ़ती मित्रता अत्यंत महत्वपूर्ण | मलेशिया की यात्रा सांस्कृतिक संबंधों पर आधारित रही

### आतंकवाद पर न कोई दोहरा मापदंड, न कोई समझौताः पीएम



पीएम मोदी और मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम मिलते हुए

पीएम मोदी ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता के इस माहौल में भारत और मलेशिया की बढ़ती मित्रता दोनों देशों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम शांति के सभी प्रयासों का समर्थन करते रहेंगे और आतंकवाद के खिलाफ हमारा संदेश स्पष्ट है – कोई दोहरा मापदंड नहीं और कोई समझौता नहीं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत–मलेशिया संबंधों में नई गति और गहराई आई है। दोनों देशों के बीच ऊर्जा, इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल अर्थव्यवस्था, बायोटेक, आईटी, पर्यटन और पीपल-टू-पीपल कनेक्शन में सहयोग मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा सहयोग, काउंटर टेररिज्म, इंटेलिजेंस शेयरिंग और मेरिटाइम सुरक्षा में भी दोनों देशों का सहयोग बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा एआई, डिजिटल टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा में साझेदारी को और बढ़ाया जाएगा।

### दोनों देशों के बीच ये हुए एमओयू

सुरक्षा, स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र, व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण (टीवीईटी) में सहयोग, ऑडियो-विजुअल सह-निर्माण समझौता, आपदा प्रबंधन में सहयोग, भ्रष्टाचार से निपटने और उसे रोकने में सहयोग, संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर पत्र का आदान-प्रदान, सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सहयोग, अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट्स एलायंस (आईबीसीए) पर ढांचागत समझौता, कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), भारत गणराज्य और सामाजिक सुरक्षा संगठन (पीईआरकेईएसओ) मलेशिया के बीच में बीमित व्यक्तियों के रूप में भारतीय नागरिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों और गतिविधियों पर सहयोग ज्ञापन (एमओसी)।

**बोस के करीबी**

### आईएनए के सिपाही राव से की मुलाकात



पीएम मोदी ने कुआलालंपुर में आजाद हिंद फौज, जिसे इंडियन नेशनल आर्मी (आईएनए) के नाम से भी जाना जाता है, के वयोवृद्ध जयराज राजा राव से भी मुलाकात की और दक्षिण पूर्व एशिया में भारतीय प्रवासियों के बीच इस बल के ऐतिहासिक योगदान और विरासत पर प्रकाश डाला।

भारत में व्यापार के लिए किया प्रोत्साहित

## पीएम ने मलेशियाई बिजनेस लीडर्स से की खास मुलाकात

पीएम नरेंद्र मोदी ने मलेशिया के चार प्रमुख उद्योग जगत के नेताओं से मुलाकात की। इस बातचीत के दौरान दोनों देशों के बीच तेजी से मजबूत हो रहे बिजनेस-टू-बिजनेस संबंधों पर चर्चा हुई। पीएम मोदी ने भारत की सशक्त आर्थिक विकास यात्रा में मलेशियाई कंपनियों की बढ़ती रुचि की सराहना की और कहा कि यह विश्वास दोनों देशों के आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक होगा।

इसके अलावा, पीएम मोदी ने मलेशियाई उद्योग जगत को भारत में उपलब्ध व्यापक अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।



### भारत में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का उल्लेख किया

पीएम मोदी ने पेट्रोनास के अध्यक्ष एवं समूह सीईओ तेंगकू मुहम्मद तौफिक, बरजया कॉर्पोरेशन बरहाद के संस्थापक दातो सेरी विंसेंट टैन ची यिउन, खजाना नेशनल बरहाद के प्रबंध निदेशक दातो अमीरुल फीसल वान जहीर और फिसन इलेक्ट्रॉनिक्स के संस्थापक दातो पुआ खेइन सेंग से मुलाकात की। पीएम मोदी ने हाल के वर्षों में भारत में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को मजबूत करने तथा एक स्थिर, कुशल और पूर्वानुमानित कारोबारी एवं नीतिगत माहौल तैयार करने के लिए किए गए प्रमुख सुधारों और पहलों का उल्लेख किया।

### रूस में भारतीय छात्रों पर चाकू से हमला, खून से 'स्वास्तिक' बनाकर छोड़ा मैसेज

**बश्कोर्तोस्तान।** रूस के बश्कोर्तोस्तान में स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में 15 साल के एक लड़के ने चाकू से हमला कर 6 लोगों को जख्मी कर दिया। घायलों में 4 भारतीय छात्र और दो पुलिसकर्मी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी लड़के का संबंध प्रतिबंधित नियो-नाजी संगठन से था। संगठन का नाम नेशनल सोशलिज्म/व्हाइट पावर क्रू, जिसे स्पैरो क्रू भी कहा जाता है। एक रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि छात्रावास की दीवार पर नाजी स्वास्तिक का निशान बना मिला, जो कथित तौर पर एक पीड़ित के खून से बनाया गया था। गृह मंत्रालय की प्रवक्ता मेजर जनरल इरीना वोल्क ने वारदात की पुष्टी की है।

### वायुसेना के शौर्य से प्रभावित हुए सिंगापुर पीएम



**सिंगापुर।** भारतीय वायुसेना सिंगापुर एयर शो 2026 में स्वदेशी शक्ति व अपने बेजोड़ हुनर का प्रदर्शन कर रही है। इस बार वायुसेना की मशहूर सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम ने यहां अपने शानदार हवाई करतब दिखाए हैं। सिंगापुर में आयोजित इस प्रतिष्ठित एयर शो के दौरान एक अत्यंत गौरवपूर्ण और यादगार क्षण तब सामने आया, जब सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने भारतीय वायुसेना की विशिष्ट एवं विश्वविख्यात सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम के साथ आत्मीय संवाद किया।

### गुजरात में डिटर्जेंट और यूरिया से दूध बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी

**नई दिल्ली।** गुजरात के साबरकांठा में डिटर्जेंट और यूरिया और अन्य केमिकल का इस्तेमाल करके नकली दूध और छाछ बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। यह फैक्ट्री पिछले 5 सालों से चल रही थी। अधिकारियों ने 71 लाख रुपये का सामान भी जब्त किया है। इस मामले में एक नाबालिग समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यहां पानी, मिल्क पाउडर, कास्टिक सोडा, रिफाइंड पामोलिन तेल, रिफाइंड सोयाबीन तेल, डिटर्जेंट पाउडर और यूरिया खाद मिलाकर दूध तैयार किया जा रहा था। पुलिस अधिकारी ने बताया, आरोपी 300 लीटर असली दूध का इस्तेमाल करके, उसमें केमिकल मिलाकर रोजाना 1,700 से 1,800 लीटर दूध बनाते थे।

## समुद्री शक्ति का प्रतीक बनीं आईएनएस सुदर्शिनी

# 22,000 नॉटिकल मील की यात्रा कर ओमान पहुंची

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के सेल ट्रेनिंग शिप आईएनएस सुदर्शिनी ने ओमान के सलालाह बंदरगाह पर अपना पहला पोर्ट कॉल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। आईएनएस सुदर्शिनी 'लोकायन-26' नामक दस महीने की लंबी समुद्री यात्रा पर है। ओमान की यह यात्रा इस सफर का एक अहम पड़ाव था। भारतीय शिप अब यहां से आगे निकल चुका है। 'लोकायन–26' अभियान का मकसद दुनिया भर में भारत की समृद्ध समुद्री परंपरा और 'वसुधैव कुटुम्बकम' यानी सारी दुनिया एक परिवार है, के संदेश को फैलाना है। 'सुदर्शिनी' 10 महीने लंबी यात्रा के दौरान कुल 13 देशों के 18 विदेशी बंदरगाहों की यात्रा कर रहा है। पारंपरिक विधि से बना यह नौसैनिक शिप फ्रांस और अमेरिका जैसे देशों में आयोजित विशेष अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में भी शामिल होगा। नौसेना का शिप 'सुदर्शिनी' कुल 22,000 नॉटिकल मील से अधिक की समुद्री यात्रा कर रहा है।

10 महीने लंबी यात्रा पर है सुदर्शिनी | 13 देशों के 18 बंदरगाहों पर पहुंचेगी

### ओमान संग पुराने समुद्री रिश्तों पर जोर


आईएनएस सुदर्शिनी


ओमान के अधिकारी भारतीय नौसैनिकों से चर्चा करते हुए

सलालाह में प्रवास के दौरान आईएनएस सुदर्शिनी के कमांडिंग ऑफिसर ने ओमान की रॉयल नेवी के साउदर्न नेवल एरिया कमांडर कैप्टन मोहम्मद अल धैलानी और आरएनओ जहाज अल मोअजर के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन मोहम्मद अल महारी से मुलाकात की। बातचीत में भारत और ओमान के बीच पुराने समुद्री रिश्तों और दोनों नौसेनाओं की दोस्ती को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा ओमान की रॉयल नेवी के अधिकारियों को जहाज का गाइडेड टूर भी कराया गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28